26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 31 मई, 2026

अंक- 216 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# अभिषेक के बाद कल्याण बनर्जी पर हमला

## सिर पर चोट लगने के बाद सड़क पर गिरे

**कोलकाता ( एजेंसी/चिंगारी )।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद एवं ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी पर हुये हमले की खबरों की स्याही अभी सूखी भी नहीं थी कि टीएमसी के ही एक और सांसद कल्याण बनर्जी पर हुगली में हमला हुआ है। कल्याण बनर्जी आज टीएमसी कार्यकर्ताओं की रिहाई के लिए ज्ञापन देने गए थे। उसी दौरान उन पर हमला किया गया। कल टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हमला हुआ था। सोनारपुर में चुनाव बाद हुई हिंसा के पीड़ितों से मिलने पहुंचे अभिषेक बनर्जी के साथ धक्का मुक्की हुई और उनके कपड़े फाड़ दिए गए। इस दौरान उन पर अंडे फेंके गए और नारेबाजी की गई। उधर, कल्याण बनर्जी आज हुगली के चंडीतला पुलिस स्टेशन में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ ज्ञापन देने पहुंचे थे। इस दौरान उनका विरोध शुरू हो गया और प्रदर्शनकारियों ने उन्हें काले झंडे दिखाए और उनके खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कथित तौर पर उन पर हमला किया गया। जिससे उनके सिर में चोट आने का दावा किया गया है। कल्याण बनर्जी के खिलाफ भी चोर-चोर के नारे लगाए गए। हमले के बाद कल्याण बनर्जी अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए।



# विधायक ने आग लगने की घटना पर अफसोस जताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने पालोमाल कॉलोनी कबाडी मार्केट में बिजली के तार टूटकर वहां खड़े दो वाहनों पर गिरने से उनमें आग लगने तथा पास में एक गोदाम में भीषण आग लगने की घटना पर मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेने के साथ घटना पर अफसोस जताया। व्यापारियों ने विधायक को बताया कि ट्रक व एक पिकअप में आग लगने से माल सहित जलकर क्षतिग्रस्त हो गये। साथ ही एक गोदाम में भी आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ। नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद ने मौके पर स्थिति का जायजा लेकर संबंधित एसडीओ एवं जेई से तुरंत तार बदलवाकर पीड़ितों को उचित मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया है। जल्द ही नुकसान का आंकलन करने विद्युत विभाग की सर्वे टीम मौके पर भिजवाने की बात कही। जिसके बाद अग्निपीड़ितों को उचित मुआवजा दिया जाएगा।



कबाड़ी मार्केट में आग की घटना की जानकारी लेते विधायक।

# नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर पकड़ा गया फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर रेल अधिकारियों व जीआरपी ने मुरादाबाद कंट्रोल की सूचना पर फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर को पकड़ लिया। मुरादाबाद से लिंक एक्सप्रेस में सवार फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर रेलवे का सेवानिवृत कर्मी निकला। मुरादाबाद कंट्रोल से सीआईटी भावेश शर्मा व टीटीई सुनील तोमर नजीबाबाद ने स्टेशन को लिंक एक्सप्रेस में रेलवे बोर्ड का विजिलेंस इंस्पेक्टर बताकर एक व्यक्ति के यात्रा करने व टीटीई स्टाफ को हड़काने की सूचना दी। सूचना मिलते ही मुख्य टिकट निरीक्षक संतोष अरोड़ा, सीएमआई आरके मीणा ने जीआरपी के साथ फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर को लिंक एक्सप्रेस से नजीबाबाद स्टेशन पर उतार लिया। 64 वर्षीय फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर शिवाजी नगर कर्नाटक निवासी रेलवे का सेवानिवृत पीसीआई ( यात्री शिकायत निरीक्षक ) कर्मी निकला। सीआईटी नजीबाबाद संतोष अरोडा ने जीआरपी नजीबाबाद में रेलवे बोर्ड का विजिलेंस इंस्पेक्टर बताकर लिंक एक्सप्रेस ट्रेन में सफर करने, मुरादाबाद स्टेशन व ट्रेन में सफर के दौरान खुद को रेलवे बोर्ड का विजिलेंस इंस्पेक्टर बताकर टीटीई स्टाफ को हड़काने, एसी कोच में सफर करने, मुरादाबाद स्टेशन पर ठहरने की वीआईपी सुविधा लेने का मामला दर्ज कराया। जीआरपी प्रभारी कमल किशोर ने मामला दर्ज होने के बाद स्वयं को अस्वस्थ बताने वाले फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर जावेद अली को जमानत पर छोड़ दिया।

# भागूवाला बिजलीघर पर किसानों ने पुन: किया धरना प्रदर्शन

नजीबाबाद (चिंगारी)। विशाल भारतीय किसान यूनियन शाखा बिजनौर का भागूवाला बिजलीघर पर बिजली की समस्याओं के संबंध में एक बार फिर धरना प्रदर्शन किया गया। विशाल भाकियू के कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अभियंता रामकुमार परमार के आश्वासन पर कल बिजलीघर भागूवाला पर चल रहा धरना समाप्त कर दिया था। मगर शाम को ही ग्राम औरंगपुर भिक्कू उर्फ नारायणपुर रतन में एक बिजली का ट्रांसफार्मर फुंकने पर बिजली विभाग के अधिकारियों तथा भागूवाला फीडर के लाइनमैन व जेई से जब विशाल भाकियू कार्यकर्ताओं ने सम्पर्क किया तो उन्हें कोई सन्तोषजनक जवाब मिलने के बजाए विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने अपशब्दों का प्रयोग किया। जिससे क्षुब्ध होकर विशाल भाकियू कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में आक्रोश उत्पन्न हो गया। इसे लेकर उन्होंने एक बार फिर यूनियन के राष्ट्रीय संगठन महासचिव एम अहमद के नेतृत्व में भागूवाला बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन पुन: शुरू कर दिया। किसानों ने बिजलीघर पर धरना देने के साथ विभाग के कर्मचारियों का घेराव कर राष्ट्रीय महासचिव संगठन एम अहमद अनिश्चित कालीन भूख हडताल पर बैठ गए। किसानों ने धरना स्थल पर पहुंचे विद्युत विभाग के एसडीओ गवेन्द्र सिंह तथा थानाध्यक्ष मण्डावली राकेश कुमार को एक ज्ञापन दिया। एसडीओ किसानों की समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन देते हुए फुंका ट्रांसफार्मर बदलवाया तथा दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद एक बार फिर धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया। धरना-प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष देशराज रवि, अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश, अल्प संख्यक मोर्चा के शरीफ अहमद, गौरव गहलौत, मोबिन अहमद, रफीक अहमद, इब्राहीम प्रधान, रोहिताश सैनी, वसीम अहमद, तौफीक अहमद, मकसूद अहमद, मोनिस कुमार, शिवकुमार, विशाल कुमार, हरीश कुमार, गोविंद सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# विधायक ने रात में ही फुंका ट्रांसफार्मर बदलवाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला जाब्तागंज क्षेत्र के लोगों ने नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद के आवास पर पहुंचकर ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बनी बिजली की समस्या उनके समक्ष रखी। जिसके बाद तुरंत विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाकर आवश्यक निर्देश दिए। जनता से किए वादे के अनुसार बिजनौर से 400 केवीए का नया ट्रांसफार्मर मंगवाकर रात ही लगवा दिया। साथ ही एक और 400 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया, जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान ही उनकी प्राथमिकता है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम

नजीबाबाद (चिंगारी)। गजरौला पैमार मंडल के तातारपुर लालू शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 281, 282, 283, 284 एवं 285 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को विधिवत सुना गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों, पन्ना प्रमुखों एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। प्रधानमंत्री ने मन की बात में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने व उन्हें बढ़ावा दिये जाने की अपील की। कार्यक्रम के बाद भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख एवं तातारपुर लालू शक्ति केंद्र के प्रभारी रितेश सैन ने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट जाने की अपील की। रितेश सैन ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी बूथ अध्यक्षों, पन्ना प्रमुखों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
ATHER

इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# राष्ट्रभक्ति और सैन्य गौरव का प्रतीक बन रहा लखनऊ- राजनाथ सिंह

## लखनऊ में 'नौसेना शौर्य वाटिका' का लोकार्पण

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ शनिवार को लखनऊ के सीजी सिटी में 19 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ राष्ट्रभक्ति और सैन्य गौरव का प्रतीक बन रहा है। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि नौसेना शौर्य वाटिका लखनऊ के लिए एक प्रेरणा स्थल और लखनऊ की पहचान बनेगी। यह शौर्य वाटिका केवल बनावट का नमूना भर नहीं है यह हमें सेनाओं के संघर्ष और योगदान को स्मरण कराएगी। रक्षामंत्री ने घोषणा की कि यहां पर पनडुब्बी भी आयेगी। बच्चों व परिवारों को यहां लेकर जरूर आएं, ताकि सेना के शौर्य से परिचित हो सकें। राजनाथ ने कहा कि भारत का रक्षा क्षेत्र कभी निर्यात के लिए नहीं जाना जाता था। हम हथियार बाहर से ही आयात करते थे। अब भारत का रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भर होने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 2014 से पहले भारत एक हजार करोड़ के रक्षाक्षेत्र से जुड़े कल पुर्जे ही निर्यात करता था। अब 40 हजार करोड़ के हथियार हम दुनिया के अन्य देशों में



निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ताकतवर तभी कहलायेगा जब हथियाओं के निर्माण में हम आत्मनिर्भर होंगे। हम भारतीय सेनाओं के लिए अत्याधुनिक हथियार भारत में ही बना रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि जो राष्ट्र अपनी सेनाओं का सम्मान करता है वही राष्ट्र दुनिया में सम्मान पाता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ जिंदगी में हमारे सैनिकों का बलिदान व संघर्ष पीछे छूट जाता है इसलिए शौर्य वाटिका के माध्यम से हम सेना के शौर्य व पराक्रम को देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें सुरक्षा हमारी सेनाएं ही दे पाती हैं। हमारा देश तीन ओर से समुद्र से घिरा हुआ है। हिन्द महासागर से हमारी अर्थव्यवस्था व व्यापार जुड़ा है। समुद्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी नेवी के पास ही होती है। उन्होंने कहा कि गोमती नदी लखनऊ की जीवन धारा है। लखनऊ और गोमती का नाता हमारा नेवी के साथ है। इसके नाम से एक युद्धपोत हमारे देश में है। 1988 में इसे सेना में शामिल किया गया था। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि हर क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ऊंचाई छू रहा है। उप्र अब लहलहा रहा है, जगमगा रहा और तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# जब हम सुरक्षा के मोर्चे पर मजबूत होंगे तो दुनिया भी मैत्री करेगी-योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हम सुरक्षा के मोर्चे पर मजबूत होंगे तो दुनिया भी मैत्री करेगी। कमजोर के आगे कोई नहीं झुकता। उन्होंने कहा कि भारत की ऋषि परंपरा प्रेरणा देती है कि 'अहिंसा परमो धर्मः, धर्म हिंसा तथैव च' यानी सामान्य जीवन में अहिंसा ही सर्वोच्च धर्म होना चाहिए, लेकिन सामने वाला देश व समाज की सुरक्षा के लिए खतरा है तो उसके लिए अंततः हिंसा ही अपनानी पड़ेगी। देश के दुश्मन के साथ यही हमारा धर्म है और भारतीय सेना पूरी मजबूती के साथ यह करती है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को राजधानी लखनऊ में दो एकड़ से अधिक क्षेत्र में निर्मित नौसेना शौर्य वाटिका (नौसेना शौर्य संग्रहालय के द्वितीय चरण) के लोकार्पण अवसर पर उपस्थित सैन्य अधिकारियों, कार्मिकों व जन-समूह



को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री के साथ इस वाटिका का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नौसेना बैंड की अनुपम प्रस्तुति ने श्रोताओं का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब सोच बड़ी होती है और व्यक्ति बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ता है तो सकारात्मक परिणाम आता है, जो युवाओं को नई प्रेरणा प्रदान करता है। इस वाटिका में आने वालों को भारतीय नौसेना के बारे में जानकारी मिलेगी। हमारे सैनिक किन सम-विषम परिस्थितियों में कार्य करते हैं, यह भी जानने का अवसर मिलेगा। यह जानकारी युवाओं के जीवन में चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा होगी। नौसेना का लक्ष्य उसकी विराट सोच का प्रतीक है। उन्होंने आदर्श वाक्य 'नभः स्पृशं दीप्तम' का जिक्र किया और कहा कि आकाश की ऊंचाइयां छूने के लिए बड़ी सोच भी चाहिए। संकुचित सोच या भाव से बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। योगी ने कहा कि हमारे मन में सेना व यूनिफॉर्मधारी फोर्स के प्रति सम्मान का भाव हो। जब भारतीय सैनिक माइनस डिग्री तापमान, रेगिस्तान की झुलसाने वाली गर्मी और समुद्र की लहरों का मुकाबला करते हुए सीमाओं की रक्षा करता है, तब 140 करोड़ भारतवासी चैन की नींद सोते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही जन-कल्याण एवं विकास योजनाएं प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकती हैं।




# गन्ना नियंत्रण आदेश 2026 वापस लेना केंद्र सरकार का स्वागत योग्य कदम - रालोद

**लखनऊ ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश 2026 के मसौदे को केंद्र सरकार द्वारा वापस लेने के निर्णय को स्वागत योग्य कदम बताया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री चौधरी जयंत सिंह तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निरंतर प्रयासों और किसानों के हितों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि केंद्र सरकार ने प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश-2026 के मसौदे को वापस लेने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि चौधरी जयंत सिंह और मुख्यमंत्री लगातार इस मसौदे को वापस लेने की मांग कर रहे थे। किसानों, गुड़ एवं खांडसारी उद्योग से जुड़े लोगों तथा अन्य हितधारकों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की ओर से लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य है। यह संवाद आधारित नीति निर्माण और किसानों की भावनाओं के सम्मान का परिचायक है। उन्होंने कहा कि किसान, गुड़ उत्पादक, खांडसारी उद्योग तथा क्रशर संचालकों से प्राप्त सुझावों और आपत्तियों पर गंभीरता से विचार करते हुए सरकार ने पुनर्विचार का निर्णय लिया है। इससे गन्ना किसानों, गुड़ निर्माताओं, खांडसारी उद्योग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सकारात्मक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों के हितों एवं उनकी चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार ने प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश-2026 के मसौदे को वापस लेने का जो निर्णय लिया है, उससे किसानों को राहत मिलेगी तथा उनके आर्थिक हित सुरक्षित रहेंगे।

## लीना सिंघल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद विधानसभा के गजरौला पाईमार मंडल के ग्राम खेड़ा में सड़क हादसे में जसराम की दुखद मृत्यु पर भाजपा नेत्री श्रीमती लीना सिंघल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। भाजपा नेत्री ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि समाज व पार्टी इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है। श्रीमती लीना सिंघल के साथ उनके पुत्र



धर्मेंद्र, बाबूराम, प्रीतम सिंह, राजेंद्र सिंह, राजपाल, नत्थू सिंह, हरीओम, संजय, शिवकुमार जोशी, प्रधान कमलवीर, महेंद्र सिंह उपस्थित रहे। भाजपा नेत्री ने बाद में अपने कार्यालय पर हलका दरोगा एवं कांस्टेबल को बुलाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही।

# ऑप्रेशन के बाद पेट में प्लास्टिक की पत्ती छोड़ दी

## डीएम के आदेश पर मामले की जांच शुरू

**बिजनौर (चिंगारी)।** ऑप्रेशन के बाद मरीज के पेट में प्लास्टिक की पत्ती छोड़ने के आरोप की जांच शुरू हो गयी है। पीड़ित ने डीएम से इस मामले में कार्यवाही की मांग की थी। डीएम के आदेश पर जिला अस्पताल के सर्जन डॉ. नरेश जोहरी ने पीड़ित के बयान दर्ज किये और उससे घटना की जानकारी हासिल की।

थाना शहर कोतवाली बिजनौर क्षेत्र के ग्राम शादीपुर डल्ला निवासी अजीम ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया था कि उसके पिता इब्राहीम को पित्त में पथरी का ऑप्रेशन कराने के लिए कैलाशवती हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, जहां उनका ऑप्रेशन डॉ. वीरेंद्र सिंह ने किया था। ऑप्रेशन के बाद पेट में जमा गंदा पानी व खून को निकालने के लिए लगाई गयी प्लास्टिक की पत्ती को डॉक्टर व उनका स्टाफ निकालना भूल गया, जिससे मरीज के पेट से लगातार खून का रिसाव होता रहा और उसकी हालत बिगड़ती रही। इस सम्बन्ध में डॉक्टर से कहा तो उन्होंने हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। करीब एक माह तक मरीज के परिजन कई हॉस्पिटल में इलाज कराते रहे, लेकिन आराम नहीं मिला। मेरठ के एक अस्पताल में कराये गए सी.टी. स्कैन रिपोर्ट से पता चला कि मरीज के पेट में पत्ती है। पीड़ित अजीम का कहना है कि डॉक्टर की लापरवाही से उसके पिता की जान खतरे में पहुंची और इलाज में लाखों रुपए खर्च हुए। इस संबंध में पूछे जाने पर डा. वीरेन्द्र सिंह ने आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि आप्रेशन के बाद मरीज या उसके परिजन उनके पास आये ही नहीं।

# 4 जून से सत्ता परिवर्तन यात्रा निकालेंगे चंद्रशेखर आजाद

**लखनऊ (चिंगारी)।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद 04 जून से उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन यात्रा निकालेंगे। यात्रा की शुरूआत बिजनौर जनपद से होगी। यह जानकारी सांसद चंद्रशेखर आजाद 'रावण' ने शनिवार को लखनऊ स्थित यूपी प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। चंद्रशेखर ने अपनी आगामी यात्रा के मुद्दे और नीतियों के बारे में बताया कि सत्ता परिवर्तन यात्रा के दौरान वह उत्तर प्रदेश की जनता को अपने 33 संकल्पों से अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी की जब सरकार बनेगी तब उत्तर प्रदेश में हर बच्चे को कक्षा 1 से 12 कक्षा तक नि:शुल्क शिक्षा दी जाएगी। शराबबंदी लागू करेंगे। पुलिस विभाग में सिर्फ 08 घंटे ड्यूटी और साप्ताहिक अवकाश होगा। बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। महिलाओं, कर्मचारी, किसानों, बुजुर्गों ने, व्यापारियों को विशेष प्रकार की सहूलियतें दी जाएंगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह केवल एक राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि संविधान बचाने सामाजिक न्याय स्थापित करने, बहुजन समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा दलित, पिछड़े, आदिवासी, मुस्लिम, किसान, मजदूर, युवा, महिला एवं वंचित वर्गों को एकजुट करने का जन आंदोलन भी है। यथावत रहे बाबा साहब अंबेडकर का अस्थि कलश उन्होंने कहा आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) मांग करती है कि लखनऊ स्थित बोधिसत्व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर महासभा एवं अस्थि कलश स्थल को संरक्षित रखा जाए। क्योंकि यह स्थल देश के करोड़ों बहुजन समाज की आस्था, सामाजिक न्याय और संवैधानिक चेतना का प्रतीक है। इस पवित्र ऐतिहासिक स्थल को प्रभावित करने या हटाने का कोई प्रयास किया गया तो आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) प्रदेशव्यापी जन आंदोलन करेगी।



# शेरकोट जमीन घोटाले में तालिब की जमानत याचिका निरस्त

## अदालत ने गंभीर प्रकृति का आरोप माना

**बिजनौर (चिंगारी)।** षष्ठम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अलका चौधरी ने शेरकोट के जमीन मामले में तालिब की जमानत अर्जी निरस्त कर दी है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज कुमार चौहान के अनुसार सांसद भारतेंद्र सिंह पर जानलेवा हमले के मामले में तालिब बंधु पहले से ही जेल में बंद हैं। इस दौरान ही थाना शेरकोट के मोहल्ला नौधना निवासी शाहिद पुत्र असगर ने तालिब और मोहम्मद गाजी सहित कई लोगों के खिलाफ सहकारी आवास समिति लिमिटेड की सम्पत्ति में धोखाधड़ी करने के संबंध में एफआईआर दर्ज कराई थी। शाहिद का कहना है कि वह इस समिति का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसमें कुल 51 पंजीकृत सदस्य हैं। फर्जी इकरारनामे के आधार पर तालिब एवं उसके साथियों ने उक्त संपत्ति में हेरफेर किया।



इस मामले में नामजद तालिब पूर्व सांसद भारतेन्द्र सिंह पर हमले के आरोप में पिछले दो माह से जेल में बंद है। शेरकोट मे जमीन घोटाले का मामला दर्ज हुआ तो पुलिस ने रिमांड हासिल कर लिया। अब तालिब की ओर से जमानत याचिका अदालत में दाखिल की गई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अलका चौधरी ने इस मामले को बेहद गंभीर मानते हुए तालिब की जमानत याचिका निरस्त कर दी। न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी तालिब के विरुद्ध गंभीर आरोप हैं, जो आजीवन कारावास तक से दंडनीय अपराध हैं। साथ ही एफआईआर में आरोपी के विरुद्ध उसका आपराधिक इतिहास भी दर्ज है।

# बलराम सिंह अध्यक्ष, अरविंद शर्मा बने मंत्री

**बिजनौर (चिंगारी)।** यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन, बिजनौर का चुनाव कार्यक्रम चांदपुर रोड स्थित रोडवेज वर्कशॉप परिसर में आयोजित किया गया। बलराम सिंह को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा मोहम्मद काशिफ और शाहबुद्दीन को उपाध्यक्ष, अरविंद शर्मा को मंत्री, गुरबाज सिंह और शर्मेन्द्र सिंह को संयुक्त मंत्री, शिवमंगल राम को संगठन मंत्री तथा कैसर अब्बास को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में ब्रह्मपाल सिंह, प्रदीप कुमार, साजिद, जागेश कुमार, अशोक कुमार द्वितीय, दिलशाद अहमद एवं चिराग शर्मा को चुना गया। इस अवसर पर यूनियन पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी और संगठन हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान, उनके हितों की रक्षा तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया।

# चुनाव टलते ही 'युवा समाजसेवी' गायब

**नांगल सोती (चिंगारी)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव टलते ही जनता के बीच घूम रहे 'युवा समाजसेवी' गायब से हो गये हैं। पहले जहां वे जनता को ढूंढ रहे थे, अब जनता उन्हें ढूंढती नजर आ रही है।**



पंचायत चुनाव का समय नजदीक आते ही गांवों की दीवारों पर युवा समाजसेवी, ईमानदार, कर्मठ, संघर्षशील जैसे विशेषण के साथ भावी उम्मीदवारों के पोस्टर चिपक गये थे। 'युवा समाजसेवी' चुनाव प्रचार हेतु जनता के बीच जाने लगे थे। हाथ जोड़कर जनता की सेवा के वादे कर रहे थे। 'युवा समाजसेवियों' से युवाओं ने भी फायदा उठाया। युवाओं ने उनसे क्रिकेट टूर्नामेंट, वॉलीबॉल टूर्नामेंट, कबड्डी टूर्नामेंट के खूब फीते कटवाये। लेकिन सरकार की तैयारियां पूरी न होने के कारण पंचायत चुनाव पीछे हट गये। माना जा रहा है अब पंचायत चुनाव विधानसभा चुनाव-2027 के बाद होंगे। चुनाव हटे, तो 'युवा समाजसेवी' भी जनता के बीच से गायब होने लगे हैं। गांवों की गलियों से अब उनके पोस्टर भी गायब हो गये हैं। पहले 'युवा समाजसेवी' जनता को ढूंढ रहे थे, अब जनता उन्हें ढूंढती नजर आ रही है। उम्मीद है कि 'युवा समाजसेवी' अब एक साल बाद गांव की गलियों में नजर आयेंगे।

# कोमल हत्याकाण्ड में सिरफिरे आशिक प्रशांत को आजीवन कारावास

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार ने कंप्यूटर सेंटर की शिक्षिका कोमल की गोली मारकर हत्या करने वाले प्रशांत को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता वरुण राजपूत के अनुसार कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के मोहल्ला चौधरियान निवासी सुरेश की पुत्री कोमल बिजनौर के मोहल्ला नई बस्ती में स्थित आरसीटीआई कम्प्यूटर सेंटर में कंप्यूटर सिखाने का काम करती थी। वहीं पर कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम शादीपुर निवासी प्रशांत पुत्र लवकुश भी कम्प्यूटर सीखने आता था। इस दौरान वह कोमल को चाहने लगा था। कोमल को पता भी नहीं था। प्रशांत ने कोमल पर दबाव बनाया लेकिन उसने साफ इंकार कर दिया। एकतरफा प्यार के चलते प्रशांत ने 3 मई 2024 को कंप्यूटर सेंटर पर ही कोमल की गोली मार दी। गंभीर अवस्था में कोमल को मेरठ मेडिकल कालेज में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान कोमल की मृत्यु हो गई। कोमल की मां संगीता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। इस मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार ने कोमल की हत्या का अपराध सिद्ध होने पर हत्याभियुक्त प्रशांत को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 30 हजार रुपये अर्थदंड, आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत पांच वर्ष कठोर कारावास एवं 20 हज़ार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# जनसमस्याओं का समाधान चाहता है रोटरी क्लब

## नगरपालिका कार्यालय जाकर ज्ञापन दिया

**हल्दौर (चिंगारी)।** रोटरी क्लब हल्दौर का क्लब अध्यक्ष रो.नवीन कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल नगर की समस्याओं, टूटी हुई सड़कों की मरम्मत कार्य कराने, सड़कों पर नगर पालिका की टंकी से बहता हुआ पानी रुकवाने एवं आवारा पशुओं, कुत्तों एवं बंदरों के आतंक से आमजन को बचाने को लेकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचा और उपरोक्त समस्याओं के समाधान के लिए एक ज्ञापन दिया। नगर पालिका की ओर से ज्ञापन को क्लर्क अजय मोहन शर्मा एवं अरुण कुमार ने ग्रहण किया बाद में अधिशासी अधिकारी श्रीमती सीमा वर्मा ने भी पहुंचकर समस्याओं को सुना और उक्त समस्याओं का समाधान शीघ्र ही कराने का आश्वासन दिया। इस मौक पर चेयर प्रजापति दीपक सैनी भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल में कार्यक्रम संयोजक प्रदीप सिंह, अनुज मारवाड़ी,अनिल सिंह, डॉ.राजीव शरण शर्मा, सुशांत एरन, सुरेंद्रपाल सिंह, अशोक चौहान, विकास मारवाड़ी, धर्मेंद्र रस्तोगी जितेंद्र मारवाड़ी आदि रहे।



# अभिषेक बनर्जी पर हमला... कपड़े फाड़े, पत्थर-अंडे फेंके

**कोलकाता ( एजेंसी/चिंगारी )।** पश्चिम बंगाल के सोनारपुर में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हमला हुआ है। चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान पीड़ितों से मिलने पहुंचे टीएमसी नेता पर प्रदर्शनकारियों ने कच्चे अंडे फेंके और उनके साथ मारपीट की है। स्थिति बिगड़ने पर सुरक्षाकर्मियों ने मुस्तैदी दिखाई। उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए तुरंत हेलमेट पहनाया गया। इसके बाद सुरक्षा घेरे के बीच वहां से बाहर निकाला गया।

ये पूरी घटना सोनारपुर के कमराबाद इलाके की है। टीएमसी सांसद शनिवार शाम को अपनी पार्टी के एक मृतक कार्यकर्ता के घर पहुंचे थे। वे करीब साढ़े चार बजे कमराबाद पहुंचे। इस दौरान बीजेपी के नेता-कार्यकर्ता के साथ बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी पहले से मौजूद थे। इस प्रदर्शन में महिलाओं को आगे रखा गया था, जिनके हाथों में कच्चे अंडे थे।



## हेलमेट पहनकर बचाई जान

भारी विरोध को देखते हुए अभिषेक बनर्जी अपनी कार छोड़कर बाइक से इलाके के अंदर घुसने लगे। तभी प्रदर्शनकारियों ने पीड़ित के घर से कुछ सौ मीटर पहले ही उन्हें रोक लिया। उनके सामने चोर-चोर के नारे लगाने शुरू कर दिए। इस दौरान उग्र भीड़ ने सड़क पर दो मोटरसाइकिलें भी फेंक दीं, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अभिषेक बनर्जी के इस दौरे को लेकर स्थानीय लोगों में भारी गुस्सा देखने को मिला। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि इलाके में पिछले 15 साल से कोई विकास नहीं हुआ है। सड़कों की हालत खस्ता है और पीने का साफ पानी तक नहीं मिलता। वहीं, ट्रेन में गाना गाकर पेट पालने वाले एक स्थानीय नागरिक ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि उनके माता-पिता बूढ़े हैं, बेटा विकलांग है, लेकिन आज तक किसी नेता ने उनकी सुध नहीं ली। लोगों ने आरोप लगाया कि एक तरफ जनता बुनियादी चीजों के लिए तरस रही है, तो दूसरी तरफ अभिषेक बनर्जी ने अपने लिए 17 घर खड़े कर लिए हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, अब नई सरकार आने से उनकी उम्मीदें बंधी हैं।




# स्वास्थ्य विभाग में एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत को सख्ती से लागू करने की मांग

## चिकित्सा अधिकारियों को नोडल का चार्ज देने का विरोध

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्वास्थ्य विभाग में एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत को सख्ती से लागू करने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। नजीबाबाद के आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने उत्तर प्रदेश शासन व स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को एक पत्र भेजकर इस व्यवस्था में सुधार कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि किसी भी स्वास्थ्य केंद्र के सेवारत डॉक्टर या प्रभारी (इंचार्ज) को अन्य डॉक्टरों की चेकिंग या निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार (चार्ज) बिल्कुल न दिया जाए। शासन को भेजे गए पत्र में आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था के तहत अस्पतालों के प्रभारियों व मुख्य डॉक्टरों को ही अन्य चिकित्सा केंद्रों के निरीक्षण व जांच के लिए नोडल अधिकारी बना दिया जाता है। इस दोहरी व्यवस्था के कारण स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। मनोज शर्मा ने बताया कि जब एक अस्पताल का मुख्य डॉक्टर या प्रभारी अधिकारी कागजी कार्रवाइयों, वीआईपी ड्यूटी व अन्य अस्पतालों की चेकिंग में व्यस्त रहता है, तो वह अपने मूल अस्पताल के मरीजों को समय नहीं दे पाता। इससे दूर-दराज के गांवों से आने वाले गरीब मरीजों को बिना इलाज के ही लौटना पड़ता है या घंटों इंतजार करना पड़ता है। आरटीआई कार्यकर्ता ने शासन से मांग की है कि स्वास्थ्य विभाग में पारदर्शिता व कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए एक व्यक्ति, एक पद का नियम अनिवार्य रूप से लागू हो, जो डॉक्टर सीधे तौर पर मरीजों का इलाज (क्लीनिकल कार्य) कर रहे हैं, उन्हें केवल चिकित्सा कार्य तक ही सीमित रखा जाए। अस्पतालों व डॉक्टरों की चेकिंग के लिए अलग से नोडल अधिकारी का पद है ताकि स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों की शत-प्रतिशत उपस्थिति व बेहतर इलाज सुनिश्चित हो सके।

## अबरार आलम आसपा के मंडल संगठन मंत्री युवा मोर्चा बने

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद व प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चितौड़ के निर्देशानुसार मंडावली क्षेत्र के ग्राम भागूवाला निवासी एडवोकेट अबरार आलम को मुरादाबाद मंडल का संगठन मंत्री युवा मोर्चा नियुक्त किया है। पार्टी ने संगठन का विस्तार कर युवा मोर्चा में नई जिम्मेदारी देते हुए अबरार आलम से संगठन को मजबूत करने, युवाओ को जोड़ने एवं पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने की अपेक्षा की है। अबरार आलम के पार्टी में युवा मोर्चा का संगठन मंत्री बनाए जाने से युवाओं को एक नई ऊर्जा मिलेगी।








# लोकतंत्र की मज़बूती में पत्रकारों का विशेष योगदान - शीशराम रवि

## ✦लखनऊ में हुआ पत्रकार महाकुंभ ✦पूर्व सांसद रवि ने की अध्यक्षता




**धामपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति (पुनर्गठित)द्वारा हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल 30 मई को लखनऊ में आयोजित पत्रकार महाकुंभ की अध्यक्षता बिजनौर के पूर्व सांसद शीशराम सिंह रवि ने की।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए शीशराम सिंह रवि ने कहा कि पत्रकारों ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर देश के विकास और लोकतंत्र की मजबूती में महती योगदान दिया है। पत्रकारों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी हिन्दी पत्रकारिता के इतिहास को अपने शब्दों में रेखांकित किया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए किलोमीटर की बाध्यता को समाप्त करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में समिति की ओर से उपमुख्यमंत्री को पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया गया। सूचना आयुक्त दीलिप अग्निहोत्री ने लोकतंत्र में पत्रकारों की भूमिका पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार ने अपने 50 वर्ष की पत्रकारिता जीवन के अनुभवों को सांझा किया। समिति के संयोजक प्रभात त्रिपाठी, अध्यक्ष शेखर पंडित, महासचिव ज्ञानेश पाठक, उपाध्यक्ष के के सिंह, सचिव राजू यादव, श्याम बिहारी गुप्ता आदि ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन समिति के कोषाध्यक्ष विक्रम राव ने किया।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ




कलश यात्रा में शामिल ग्रामवासी।

**धामपुर (चिंगारी)।** ग्राम नौरंगाबाद स्थित पंचायत घर में रविवार को संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा, आस्था और उत्साह के वातावरण में हुआ। कथा प्रारंभ होने से पूर्व निकाली गई 101 कलशों की भव्य कलश यात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय रंग में रंग दिया। आज प्रातः पंचायत घर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य यजमान ठाकुर सुखबीर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी सुजाता चौहान ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ कराया। वहीं ग्राम प्रधान (प्रशासक) प्रदीप कुमार उर्फ राजू चौहान उनकी पत्नी मीरा देवी चौहान एवं विमला देवी, सरिता देवी, कुसम देवी सहित अनेक श्रद्धालु महिलाओं ने सिर

### कथा से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा

पर कलश धारण कर यात्रा की शोभा बढ़ाई। आयोजन समिति के अनुसार श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से आयोजित की जाएगी। 6 जून को श्रीमद्भागवत भगवान जी की कथा का विधिवत विराम एवं पूर्णाहुति होगी, जबकि 7 जून को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा का अमृतमय वाचन एवं रसपान कथा व्यास श्री कृष्ण मोहन महाराज जी द्वारा कराया जा रहा है, जबकि आयोजन में महंत श्री पन्नालाल प्रजापति का विशेष सहयोग एवं प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान प्रशासक प्रदीप कुमार उर्फ राजू चौहान सहित समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# ‘जागरूक महिला ही सशक्त समाज की असली नींव’



बैठक में उपस्थित महिलाएं।

## संस्थाओं के महिला प्रकोष्ठों की बैठक

**धामपुर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन महिला प्रकोष्ठ बिजनौर एवं दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान महिला प्रकोष्ठ धामपुर की ओर से आयोजित बैठक में ब्रेस्ट एंड सर्वाइकल कैंसर के बचाव के उपाय, आगामी पर्व, त्यौहारों की तैयारियों व अन्य योजनाओं के बारे में चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्था की जिला अध्यक्ष डॉ. मोनिका अग्रवाल ने कहा कि एक जागरूक महिला ही सशक्त समाज की असली नींव होती है, जो धर्म, शिक्षा, स्वास्थ्य के तालमेल से आगे बढ़ती है। धर्म हमें सही मार्ग पर चलना सिखाता है, शिक्षा हमारे विचारों को रोशनी देकर आत्मनिर्भर बनाती है। लेकिन याद रखिए इस प्रगति का कोई मोल नहीं, यदि हम अपने स्वास्थ्य को अनदेखा कर दें। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षित करे क्योंकि ज्ञान ही आत्मनिर्भरता और अधिकारों की असली चाबी है। बैठक में डॉ. प्रियंका अग्रवाल, छवि जैन, रचना गुप्ता, श्रुति जैन, हिमानी अग्रवाल, शिवानी, सचिन अग्रवाल, अदिति मित्तल, प्रिया गर्ग, डॉ. करिश्मा सक्सेना, तान्या अग्रवाल, निधि गुप्ता, पूजा अग्रवाल, अनुपमा मित्तल, बबीता गुप्ता, ऋचा गुप्ता, सुषमा गोयल, रजनी गुप्ता, प्रिया अग्रवाल, पुष्पा माहेश्वरी, रेणु भारद्वाज, नवनीत कौर, पूनम मेहरा, ऋचा अग्रवाल, श्वेता मित्तल, मीनू सिसोदिया, शिखा सिंह, सुनीता चौहान उपस्थित रही।

## डॉ. प्रेमचंद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की डॉ. अग्रवाल ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के उपरांत पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडुचेरी में हुए चुनावों में संगठन को ऐतिहासिक विजय दिलाने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही दोनों नेताओं के मध्य संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन अत्यंत सरल, सौम्य एवं विनम्र व्यक्तित्व के धनी हैं तथा संगठन के प्रति पूर्णतः समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि उनसे मुलाकात के पश्चात उन्हें सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति हुई, जो संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करती है। डॉ. अग्रवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नवीन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगी तथा देशभर में जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगी।

# समाज और सरकार के बीच मजबूत सेतु का काम करते हैं पत्रकार : कुसुम कंडवाल

## पूर्णानंद घाट पर पत्रकारिता दिवस समारोह आयोजित



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** पूर्णानंद घाट जानकी पुल गंगा किनारे पत्रकारिता दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, समाजसेवी वचन पोखरियाल, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश शर्मा, एवं जितेंद्र चमोली, नगर अध्यक्ष राजीव खत्री, प्रेस क्लब के पूर्व अधक्ष आशीष डोभाल, गंगा आरती ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि कुसुम कंडवाल ने कहा कि पत्रकार समाज और सरकार के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, निर्भीक और जनहित की पत्रकारिता आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

कंडवाल ने कहा कि पत्रकार केवल समाचारों के वाहक नहीं होते, बल्कि समाज को सही दिशा देने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने पत्रकारों से सत्य, निष्पक्षता और सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि बचन पोखरियाल ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता दिवस हमें पत्रकारिता के मूल्यों और दायित्वों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को बदलते दौर में तकनीक के साथ कदम मिलाकर चलते हुए जनहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष राजीव खत्री ने सभी का धन्यवाद किया।

जिन पत्रकारों को सम्मानित किया गया उनमें राजेश शर्मा, जितेंद्र चमोली, आशीष डोभाल, मनोज राणा, सुदीप कपरूवाण शामिल रहे। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने सभी पत्रकारों को स्मृति चिन्ह व शॉल देकर सम्मानित किया।

# बीईओ नवाबगंज को भूसा पड़ेगा महंगा, जवाब तलब

## शिक्षकों के विरोध के बाद हरकत में आए बीएसए बरेली

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद बरेली के विकास खंड नवाबगंज के खंड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव को प्रत्येक विद्यालय से 46-46 किलो भूसा मांगना भारी पड़ गया। शिक्षकों द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी के आदेश का विरोध करने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली डॉ विनीता हरकत में आ गई है। खंड शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली डॉ विनीता द्वारा जिले के खंड शिक्षा अधिकारियों से निराश्रित पशुओं के लिए 1500 कुंतल भूसा दान में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज ने विकास क्षेत्र के प्रत्येक विद्यालय से 46-46 किलो भूसा उपलब्ध कराने का फरमान जारी कर दिया था। शिक्षकों ने गैर शैक्षणिक कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाने तथा जनगणना में व्यस्त होने के बाद अखंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज को खूब ट्रॉल किया था। शिक्षकों के व्हाट्सएप ग्रुप ऑफ फेसबुक आदि पर खूब लिखा गया। पूरे प्रदेश में नवाबगंज खंड शिक्षा अधिकारी का आदेश चर्चा का विषय बना रहा। अब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली डॉ. विनीता ने नवाबगंज के खंड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव से प्रत्येक विद्यालय से 46-46 किलो भूसा मांगने पर जवाब तलब किया है। पत्र में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं होने पर कार्रवाई करने की बात भी कही गई है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बिजनौर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि चिलचिलाती धूप में प्रदेश के शिक्षक जनगणना कार्य में व्यस्त है। शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त रखा जाना चाहिए।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** हिंदी पत्रकारिता को 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हिन्दी पत्रकारिता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

बीती रात ग्राम स्याऊ में पूर्व प्रधान श्रीमती आर्य विनोद कुमारी व ठा. रायबहादुर आर्य के आवास पर गोविन्द मित्तल की अध्यक्षता एवं ठा रायबहादुर आर्य के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों को सच्चाई से अवगत कराता है। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता को 200 वर्ष पूर्ण होने पर पत्रकारों को बधाई दी।

कार्यक्रम में नितीश कुमार उर्फ बिट्टू गुप्ता, विपिन अग्रवाल, विजय सिंह एडवोकेट, पंकज चौहान एडवोकेट, मनोज अग्रवाल,रमेश सिंह, विजयपाल सिंह, कुमुद चौहान,पवनराज शर्मा,अजय कुमार कौशिक,मौ. अजमल, गौरव त्यागी, श्याम बाबू गुप्ता, डा. एमके कटारिया, विकास शर्मा, मौ. इरफान अंसारी, ठाकुर हर्षित बहादुर आर्य आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पीएम के मन की बात सुनी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज पूर्व सांसद बिजनौर राजा भारतेन्द्र सिंह ने प्रधानमंत्री जी की मन की बात कार्यक्रम का 134 वां एपीसोड बूथ क्रमांक 194 रसूलपुर पृथी उर्फ आदमपुर में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुधांशु काकरान के आवास पर सुना। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा गंगा नदी में डाल्फिन की चिंता करना यह दर्शाता है कि गंगा नदी की धारा को अविरल,निर्मल बनाने के लिए सभी देशवासियों को सार्थक और सफल प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता



नमामि गंगे के क्षेत्रीय संयोजक धीर सिंह ने की। कार्यक्रम में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नौतपा में तप रहे लोगों को बारिश से राहत

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** कल आंधी के साथ आई बारिश के बाद आज पुन: हुई बारिश होने से नौतपा के प्रकोप से तप रहे लोगों को बड़ी राहत मिली है। जहां रात को गर्मी के कारण ठीक से नींद भी नहीं आ रही थी, वहीं विगत रात्रि लोगों को हल्का कपड़ा ओढ़कर सोना पड़ा। बारिश से पैदा हुई ठंडक के कारण आज पंखे शीतल हवा दे रहे हैं।

कल अपराह्न तीन बजे से मौसम बदलने लगा था। आसमान में काले-काले बादल छाने के बाद साढ़े तीन बजे आंधी चलनी शुरू हो गई थी। बाद में तेज हवा के साथ बारिश भी हुई। नौतपा से तप रहे लोगों को बड़ी राहत मिली। पंखों ने शीतल हवा देनी शुरू कर दी थी। आज भी सुबह से बादल छाये हुए थे। पूर्वाहन लगभग 11 बजे बादल गरजने शुरू हो गये। थोड़ी देर बाद बारिश भी हुई। बारिश से मौसम ठंडा हो गया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी



# हिंदी पत्रकारिता : संघर्ष, साहस और सच की अंतिम लौ

**30 मई केवल एक तिथि नहीं है, यह भारतीय लोकतंत्र की आत्मा में दर्ज वह दिन है जब हिंदी भाषा ने पहली बार समाचारों के माध्यम से जनमानस की आवाज बनने का साहस किया। 1826 में प्रकाशित उदन्त मार्तण्ड ने जिस मशाल को जलाया था, वह आज भी तमाम आंधियों, दबावों और षड्यंत्रों के बीच टिमटिमाते हुए सच की लड़ाई लड़ रही है।**

आज जब हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जा रहा है, तब यह प्रश्न भी उतना ही जरूरी है कि क्या पत्रकारिता आज वास्तव में स्वतंत्र है? क्या कलम अब भी निर्भीक है? क्या समाचार अब भी जनता के लिए लिखे जाते हैं या सत्ता और बाजार के लिए?

इन्हीं सवालों के बीच सांध्य दैनिक चिंगारी जैसे समाचार पत्र उम्मीद की तरह दिखाई देते हैं। जिला बिजनौर का पहला सांध्य दैनिक होने का गौरव रखने वाला यह पत्र केवल समाचार पत्र नहीं, बल्कि संघर्ष, साहस और जनपक्षधरता की जीवित परंपरा है। स्वर्गीय बाबू सिंह चौहान द्वारा स्थापित यह पत्र हमेशा अपनी निर्भीकता, निष्पक्षता और जनसरोकारों के लिए जाना गया। अनेक उतार-चढ़ाव आए, आर्थिक संकट आए, दबाव आए, विरोध हुए, लेकिन चिंगारी बुझी नहीं। क्योंकि यह किसी सत्ता की मेहरबानी से नहीं, जनता के विश्वास से जली हुई लौ है।

आज जब बड़े-बड़े मीडिया संस्थान करोड़ों के विज्ञापनों और सत्ता की कृपा पर निर्भर होते जा रहे हैं, तब छोटे और क्षेत्रीय समाचार पत्र सबसे कठिन लड़ाई लड़ रहे हैं। वे सच लिखते हैं तो विज्ञापन बंद हो जाते हैं, सवाल पूछते हैं तो धमकियां मिलने लगती हैं, भ्रष्टाचार उजागर करते हैं तो मुकदमे तैयार हो जाते हैं। लेकिन इसके बावजूद जो पत्रकार अपनी कलम नहीं बेचते, वही पत्रकारिता की असली रीढ़ हैं।

सच तो यह है कि आज हिंदी पत्रकारिता अपने सबसे कठिन दौर से गुजर रही है।

पत्रकारिता अब मिशन कम और व्यवसाय अधिक बना दी गई है। न्यूज रूम में अब खबर की सच्चाई नहीं, उसकी 'टीआरपी' पूछी जाती है। बहसों में तथ्य




नहीं, शोर बिकता है। सवाल पूछने वाले पत्रकार 'देशद्रोही' घोषित कर दिए जाते हैं और सत्ता के गुणगान करने वालों को 'राष्ट्रवादी' कहा जाता है। यह दौर बेहद खतरनाक है। सोशल मीडिया ने सूचना को तेज जरूर किया है, लेकिन सत्य को कमजोर भी किया है। आज झूठ सबसे तेज दौड़ता है और सच सबसे ज्यादा थका हुआ दिखाई देता है। मोबाइल हाथ में आते ही हर व्यक्ति स्वयं को पत्रकार समझने लगा है। बिना पुष्टि की खबरें वायरल हो जाती हैं, अफवाहें समाज को बांट देती हैं और असली पत्रकार दिन-रात तथ्य जुटाने के बाद भी संदेह की नजर से देखा जाता है।

एक सच्चे पत्रकार की जिंदगी बाहर से जितनी चमकदार दिखाई देती है, भीतर से उतनी ही कठिन होती है। वह कभी सड़क पर लाठी खाता है, कभी कैमरा तोड़ा जाता है, कभी विज्ञापन रोककर उसकी आवाज दबाई जाती है, तो कभी सोशल मीडिया पर उसके चरित्र की हत्या की जाती है। लेकिन इसके बावजूद पत्रकार इसलिए लिखता है क्योंकि उसे मालूम है कि अगर कलम खामोश हो गई, तो समाज अंधा हो जाएगा।

आज हिंदी पत्रकारिता के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी विश्वसनीयता बचाने की है। जनता का भरोसा एक बार टूट जाए तो लाखों शब्द भी उसे वापस नहीं ला सकते। इसलिए पत्रकारिता को फिर से जनपक्षधर होना होगा। उसे सत्ता की चौखट से निकलकर गांव, किसान, मजदूर, बेरोजगार, पीड़ित और आम आदमी की आवाज बनना होगा। हिंदी पत्रकारों की स्थिति भी किसी संघर्षरत सैनिक से कम नहीं है। कम वेतन, असुरक्षित भविष्य, चौबीस घंटे का दबाव, परिवार से दूरी, मानसिक तनाव और ऊपर से निष्पक्ष रहने की लड़ाई — यह सब आज के पत्रकार की वास्तविकता है। छोटे शहरों और कस्बों के पत्रकार तो और भी कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं। कई बार उनके पास संसाधन नहीं होते, सुरक्षा नहीं होती, लेकिन फिर भी वे सच सामने लाने का जोखिम उठाते हैं।



**पत्रकारिता का अर्थ केवल खबर देना नहीं है। पत्रकारिता समाज का आईना है, व्यवस्था से सवाल करने का साहस है और लोकतंत्र की सांस है। जब पत्रकार डरने लगे, बिकने लगे या झुकने लगे, तब समझ लेना चाहिए कि लोकतंत्र बीमार हो चुका है।**

आज आवश्यकता इस बात की है कि पत्रकार अपनी कलम की कीमत पहचानें। सत्ता बदलती रहती है, लेकिन शब्द इतिहास में दर्ज रहते हैं। जो पत्रकार अपने समय के सच को लिखता है, वही आने वाली पीढ़ियों की आंख बनता है। हिंदी पत्रकारिता दिवस पर हमें यह संकल्प लेना होगा कि पत्रकारिता को बाजार की वस्तु नहीं बनने देंगे। खबर को विज्ञापन और बहस को तमाशा नहीं बनने देंगे। सच लिखना कठिन हो सकता है, लेकिन असंभव नहीं।

और अंत में, अगर अखबार केवल सत्ता की प्रशंसा करने लगें, अगर चैनल केवल डर बेचने लगें, अगर पत्रकार केवल सुविधाएं देखने लगें, तो समझ लीजिए लोकतंत्र की नींव खोखली होने लगी है। ऐसे समय में सांध्य दैनिक चिंगारी जैसे समाचार पत्र केवल अखबार नहीं, बल्कि उम्मीद की अंतिम चिंगारी हैं जो अंधेरे के खिलाफ अब भी जल रही हैं, पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों की रस्सी पर चल रही है। स्वर्गीय बाबू सिंह चौहान की संघर्षपूर्ण विरासत को नमन, और उन सभी निर्भीक पत्रकारों को सलाम जो आज भी सच को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

**-दीपेन्द्र सिंह चौहान**
धामपुर (बिजनौर)

# .. जब तोप मुकाबिल हो अख़बार निकालो

हिंदी पत्रकारिता का इतिहास त्याग, तपस्या, संघर्ष और बलिदान से भरा है। देश की आजादी के आंदोलन में पत्रकारों ने कलम और अख़बार के माध्यम से अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया, जिसमें उन्हें अनेक जुल्म भी सहन करने पड़े। 30 मई 1826 को कलकत्ता से निकले हिंदी के पहले समाचार-पत्र उदंत मार्तंड का मूल उद्देश्य 'हिंदुस्तानियों का हित' था। उस दौर में चूंकि कलकत्ता भारत की राजधानी हुआ करता था और सभी मुख्य गतिविधियों का केंद्र भी कलकत्ता ही था। संभवत: इसीलिये कानपुर के पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने उदंत मार्तंड के लिये कलकत्ता की सरजमीं को चुना होगा। हालांकि मात्र 16 महीनों में ही उदंत मार्तंड को बंद करना पड़ा। लेकिन उदंत मार्तंड का नाम भारत की पत्रकारिता के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया।

**आज़ादी के आंदोलन के दौरान अनेक समाचार-पत्र निकले, जिनका उद्देश्य अंग्रेजी शासन के विरुद्ध भारत की जनता को लामबंद करना था। भारतवासियों के दिलों में आजादी की अलख जगाने में समाचार-पत्रों और पत्रकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। समाचार-पत्रों ने भारत की जनता की आवाज बनकर अंग्रेजी शासन को ललकारा था।**



भारतीय पत्रकारिता का इतिहास साम्प्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता व अखंडता का भी प्रतिबिंब है। कई पत्रकारों ने साम्प्रदायिक सौहार्द के लिये अपने प्राणों की भी आहूति दी है, जिनमें गणेश शंकर विद्यार्थी का नाम सर्वोपरि है। आजादी के आंदोलन के दौरान तत्कालीन सभी बड़े नेताओं ने अख़बार निकाले, जिनमें राजाराम मोहन राय, गणेश शंकर विद्यार्थी, पंडित मदन मोहन मालवीय, मौलवी इकराम अली, मौलाना अबुल कलाम आजाद, मौहम्मद अली जौहर, पंडित जवाहर लाल नेहरु, महात्मा गांधी जैसे नेता शामिल हैं, जिन्होंने कलम की ताकत को पहचाना और जंग-ए-आज़ादी के आंदोलन में अख़बार को अस्त्र की तरह प्रयोग किया।

हालांकि अब पत्रकारिता बहुत हद तक व्यवसाय बन गई है, फिर भी मिशनरी पत्रकारों की आज भी कमी नहीं है। कोविड काल में जब लोग अपनों की अर्थी को कंधा तक नहीं दे रहे थे, तब भी पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर पत्रकारिता का धर्म निभा रहे थे। वर्तमान में गोदी मीडिया के चलते पत्रकारों के सम्मान को आघात पहुंचा है, लेकिन निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारों का सम्मान आज भी बरकरार है। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सभी पत्रकारों को संकल्प लेना होगा कि कलम को किसी का गुलाम नहीं बनने देंगे तथा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता की महत्ता व गरिमा को बनाये रखेंगे। समाज के सजग प्रहरी बनकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर आंच नहीं आने देंगे। अकबर इलाहाबादी का यह शेर याद रहना चाहिए-

**खींचो न कमानो को न तलवार निकालो**
**जब तोप मुकाबिल हो अख़बार निकालो**

**- महताब ख़ान चांद**
**नजीबाबाद**

# क्या मैं पत्रकार हूं?

बड़े स्वाभिमान से पत्रकार कहता है मैं पत्रकार हूं। मैं एक विचार हूं। क्या मेरे विचार स्वतंत्र हैं? क्या मेरी लेखनी में उदगार हैं? क्या समाज के प्रति मेरी विचारों में परिपक्वता है? क्या मैं दीन दुखियों के प्रति अपनी भावनाओं को सही रूप में प्रेषित कर सकता हूं? यदि हां तो मैं पत्रकार हूं, मैं एक विचार हूं। मैं एक व्यंग्य हूं। क्या मैं किसी गलत व्यक्तित्व राजनीतिक सामाजिक विषयों की कमी पर व्यंग्यात्मक रूप में अपने विचार रख सकता हूं? क्या मैं उसे पर आलोचना कर सकता हूं? क्या मैं गलत को गलत कहने के प्रति अपने लेखन में व्यंग्यात्मक रूप से जनता के प्रति अपने रुख को व्यक्त कर सकता हूं?यदि हां तो मैं पत्रकार हूं। मैं एक तरंग हूं, यदि मेरे पास किसी कार्य को करने की क्षमता है।क्या मेरी भावना उज्जवल हैं? या मेरे अंदर इतनी शक्ति है? इतनी तरंगे हैं कि मैं अपनी भावना को व्यक्त करते हुए किसी भय से मुक्त होकर लिख सकता हूं? मेरे अंदर जज्बा है कि मैं निष्पक्षता के साथ अपने विचारों को अपने व्यंग्य रूपी आधार पर अपनी भावनाओं को प्रेषित कर सकता हूं? यदि हां तो मैं एक पत्रकार हूं।

पत्रकारिता सेवा धर्म का वह प्रारूप है जिससे समाज में दबे कुचले लोगों का जीवन सुखमय करना, प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाना, जीव जंतुओं के प्रति उनके दुख दर्द को भी जानना, घने जंगलों की कटाई पेड़ों की दुर्दशा और जंगली जानवरों का दर-दर भटकना क्या मेरे लिए कोई ऐसा आधार है। आम जनता मेरे विश्वास को प्राथमिकता देती है।यदि वही खत्म हो जाए। तब हम कहां खड़े हैं? मैं जनता से कितना भी दूर हो जाऊं।फिर भी मुझे वो अपने पास ही देखती है।इस विश्वास को तोड़ना भयंकर अपराध है। क्योंकि मैं देश के लिए खास हूं। मेरे द्वारा की गई जागृति देश को बचा सकती है।



जब मेरी कलम सच लिखना बंद कर देती है। तभी आतंकवाद,भ्रष्टाचार जाग जाते हैं।

**जितेंद्र सिंह कक्कड़**
सामाजिक कार्यकर्ता, नजीबाबाद

# जो समाज सवालों का सामना नहीं करता, वो निर्जीव हो जाता है : प्रो. अरूण देव

## हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ भव्य कार्यक्रम



मंचासीन अतिथिगण।


हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बिजनौर टाइम्स व चिंगारी द्वारा विशेषांक प्रकाशित किया गया, जिसका विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 30 मई की संध्या को जैन धर्मशाला के सभागार में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में वेब पत्रिका समालोचन के संपादक एवं साहू जैन महाविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अरूण देव ने कहा कि जो समाज, प्रश्नों से मुठभेड़ नहीं करता वह निर्जीव हो जाता है। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य सत्ता को प्रश्नांकित करना है।

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन रजि. की बिजनौर शाखा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने मूर्धन्य पत्रकार बाबू सिंह चौहान के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया। इस अवसर पर पत्रकारों ने बाबू सिंह चौहान के सिद्धान्तों व आदर्शों पर चलते हुए सत्य के साथ मिशनरी पत्रकारिता करने का संकल्प लिया।


प्रो. अरूण देव को अति विशिष्ट सम्मान प्रदान करते हुए पत्रकार व अतिथिगण।

'मुद्रण से डिजिटल तक' विषय पर अपने सारगर्भित संबोधन में प्रो. अरूण देव ने कहा कि आज पत्रकारों को चिंतन, मनन व आत्म अवलोचल की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले स्वाधीनता की चाहत में अखबार निकाले गए। आजादी के आंदोलन का नेतृत्व पत्रकारों ने किया। उदंत मार्तंड का प्रकाशन भी हिन्दुस्तानियों के हित व स्वाधीनता की इच्छा के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि मुद्रण व डिजिटल के बीच समन्वय जरूरी है। पहले रोज सुबह अखबार से होती थी, आज मोबाइल फोन हाथों में होता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खबर वह है जिसे छिपाया जाता है।

### पत्रकारों पर लोगों का आज भी भरोसा- संदीप शर्मा

**धामपुर बायो आर्गेनिक डायरेक्टर संदीप शर्मा ने कहा कि पत्रकारों को कम व सीमित साधनों में काम करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जब पीड़ित की कहीं सुनवाई नहीं होती तब वह इस आस के साथ पत्रकारों के पास जाता है कि उसकी आवाज शासन प्रशासन तक जाएगी और उन्हें न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों, दबे कुचले व पीड़ितों की मदद के लिए बिजनौर टाइम्स व चिंगारी जैसे अखबारों का निरन्तर प्रकाशन जरूरी है।**

### पत्रकार चापलूस न बनें- राजेंद्र कुमार

**जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष**

**राजेन्द्र कुमार एडवोकेट ने कहा कि धर्म निरपेक्षता की प्रेरणा उन्हें श्रद्धेय बाबू सिंह चौहान से मिली। उन्होंने कहा कि पत्रकार चापलूस न बनें और न ही अपने रास्ते से भटकें। उन्होंने कहा कि बि.टा. ग्रुप के समाचार पत्रों से बिजनौर वासियों व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को बड़ी उम्मीद है।**

### सभी क्षेत्रों में पूंजीवाद का बोलबाला- दिगंबर सिंह

**किसान नेता व भाकियू अराजनीतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह ने पत्रकारों को पीड़ित व शोषितों की आवाज बताया। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता सहित सभी क्षेत्रों में पूंजीवाद हावी है। यहां तक कि आंदोलनों में भी पूंजीवाद दिखायी देता है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए बिजनौर टाइम्स व चिंगारी जैसे समाचार पत्रों की आज बहुत जरूरत है।**

### पत्रकारों का धर्मनिरपेक्ष व निष्पक्ष होना जरूरी- इकबाल हिंदुस्तानी

कार्यक्रम में अपने संबोधन में वरिष्ठ पत्रकार एवं ब्लॉगर इकबाल हिन्दुस्तानी ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि पत्रकारिता जन जागरण का सशक्त माध्यम है। लघु एवं मध्यम श्रेणी के समाचार-पत्रों की भूमिका अग्रणी रही है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर फेक व पेड न्यूज पत्रकारिता के लिए कलंक है। पत्रकारिता में विश्वसनीयता जरूरी है। पत्रकारों को धर्मनिरपेक्ष व निष्पक्ष होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल युग है, उसे सीखना होता। इससे बचा नहीं जा सकता और जो समय के साथ नहीं चलता वह पिछड़ जाता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों में हिम्मत व हौसला होना चाहिए।

## चंद्रमणि रघुवंशी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया



हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में विगत 55 वर्षों से हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में विविध आयाम स्थापित करने वाले जनपद के वरिष्ठतम पत्रकार एवं बिजनौर टाइम्स समूह के प्रधान संपादक चंद्रमणि रघुवंशी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। चंद्रमणि रघुवंशी ने दैनिक बिजनौर टाइम्स व चिंगारी के संपादन के अलावा नवभारत टाइम्स, हिंदुस्तान, यूनिवार्ता, उर्दू प्रताप, नवजीवन आदि राष्ट्रीय समाचार-पत्रों के जिला संवाददाता के रूप में 3 दशकों तक काम किया। उन्होंने मात्र 17 वर्ष की आयु में 'नई उमर की नई फ़सल' नामक अख़बार का संपादन एवं प्रकाशन किया।

### सिस्टम में संवेदना जगाने का काम करें- सुरेंद्र मलिक

शिक्षक नेता सुरेन्द्र मलिक ने कहा कि सच्ची पत्रकारिता वही है जिसके माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज व दर्द शासन प्रशासन तक पहुंचे। सिस्टम में संवेदना जगाने के लिए निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता जरूरी है।

### पत्रकार अपने नाक, कान, आंख खुले रखें

कार्यक्रम की भूमिका व प्रस्तावना को रेखांकित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी ने मंचासीन पदाधिकारियों का परिचय कराया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शब्द कभी निरर्थक नहीं होते। शब्दों का प्रभाव बहुत दूर तक होता है। खबरों के लिए पत्रकारों को अपने नाक, कान, आंख खुले रखने चाहिएं। कार्यक्रम को एसएम असलम, लोकेन्द्र त्यागी, रूकन राजपूत, हुक्का बिजनौरी, निधि शर्मा, शहनाव अनवर, सुधीर चौधरी आदि ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष मरगूब रहमानी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन यूनियन के महामंत्री अनिल चौधरी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूनियन के जिलाध्यक्ष मरगूब रहमानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुशब्बर हुसैन, जिला महासचिव अनिल चौधरी, कोषाध्यक्ष चौधरी ब्रह्मपाल सिंह, वरिष्ठ पत्रकार विपिन भारद्वाज, प्रदीप चौहान, वेदव्रत वेणु, सतीश चंद त्यागी, नीरज चौधरी, सुशील कर्णवाल, डॉ. श्रवण कुमार, एस.एम. असलम, स. विक्रमजीत सिंह, रूकन राजपूत, संजीव चौधरी, अरबाब रहमानी, नईम अंसारी, डॉ. अमीरुद्दीन, जागन सिंह, खालिद परवेज आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में भारी संख्या में पत्रकार व अन्य लोगों ने सहभागिता की।

# कांग्रेस ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया

## राहुल गांधी की रैली सफल बनाने का आह्वान



**रुद्रप्रयाग ( चिंगारी )।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जखोली के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने का दावा करते हुए कांग्रेस की रीति-नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। जखोली के इंद्रनगर स्थित एक निजी होटल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह कण्डारी ने की। बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे एवं 4 जून को पौड़ी के रामलीला मैदान में आयोजित महारैली को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष कुलदीप कण्डारी ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम जनता परेशान है। उन्होंने महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। साथ ही उन्होंने रुद्रप्रयाग जनपद की दोनों विधानसभा क्षेत्रों से अधिक से अधिक संख्या में लोगों से पौड़ी पहुंचने की अपील की।

ब्लॉक प्रमुख जखोली विनीता चमोली ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों पर सरकार अंकुश लगाने में असफल रही है तथा लोकतांत्रिक अधिकारों का लगातार हनन किया जा रहा है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं रुद्रप्रयाग विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी प्रदीप थपलियाल ने आरोप लगाया कि वोटर लिस्ट में एसआईआर के माध्यम से बड़े पैमाने पर नाम काटे जा रहे हैं और चुनिंदा लोगों के नाम जोड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे कई लोग अपने मतदान के अधिकार से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि जनता ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाने का मन बना लिया है।

# राहुल गांधी के दौरे से तैयार होगी पार्टी की भविष्य की रणनीति : सुरेन्द्र नेगी

## 4 जून के दौरे की तैयारी, जोर-शोर से जारी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और शीर्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आगामी 4 जून को पौड़ी में प्रस्तावित पूर्व सैनिक संवाद कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को जिला एवं महानगर कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोटद्वार, लैंसडाउन एवं यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्रों के पूर्व सैनिकों, कांग्रेस पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि राहुल गांधी का यह दौरा सभी कार्यकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण है। इस दौरे से पार्टी की भविष्य की रणनीति तैयार होगी। कहा कि नेता प्रतिपक्ष वर्तमान में युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। क्योंकि अग्निवीर योजना ने सेना में स्थायी सेवा और सम्मानजनक भविष्य की अपेक्षा रखने वाले युवाओं के सामने अनेक प्रश्न खड़े कर दिए हैं। इसके साथ ही पूर्व सैनिकों एवं सैन्य परिवारों से जुड़े पेंशन तथा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे भी चिंता का विषय बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि पौड़ी में आयोजित होने वाला यह संवाद कार्यक्रम केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि पूर्व सैनिकों, सैन्य परिवारों एवं युवाओं की भावनाओं और चिंताओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। कहा कि राहुल गांधी पूर्व सैनिकों के सुझावों और समस्याओं को सुनेंगे तथा युवाओं के भविष्य को लेकर चर्चा भी करेंगे। इससे पूर्व पूर्व कैबिनेट मंत्री ने गुलदार हमले में घायल और बेस अस्पताल में भर्ती रीना देवी का हालचाल भी जाना और डाक्टरों को उनके उचित इलाज के लिए निर्देशित किया। बैठक में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र बिष्ट, पूर्व राज्य मंत्री विजय नारायण, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता नेगी, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, महानगर कांग्रेस महिला अध्यक्ष सुधा असवाल, पूर्व सैनिक शंकेश्वर प्रसाद सेमवाल, सैनि. कै.नंदन सिंह रावत, पूर्व सैनिक शूरवीर सिंह खेतवाल और के एस चौहान सहित पूर्व सैनिक विभाग के अन्य पदाधिकारियों सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घास काटती महिला को गुलदार ने घायल किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत सनेह क्षेत्र में गुलदार के हमले में एक महिला घायल हो गई। उसे उपचार के लिए बेस चिकित्सालय में लाया गया है। जानकारी के अनुसार नगर निगम के अंतर्गत सनेह क्षेत्र के कोटड़ीढ़ांग निवासी रीना देवी, उम्र-40 वर्ष, पत्नी भूपेंद्र सिंह अधिकारी, शनिवार सुबह करीब 9.30 बजे लैंसडौन वन प्रभाग की कोटद्वार रेंज क्षेत्रांतर्गत कोटड़ीढांग में गंगा वाटिका के समीप घास काट रहीं थी। इसी दौरान उस पर गुलदार ने हमला कर दिया। इस पर समीप ही घास काट रही उनके साथ की अन्य महिलाओं ने शोर मचाने के साथ ही पत्थर फेंक कर गुलदार को भगाया। इसके बाद महिलाओं ने आकस्मिक चिकित्सा वाहन 108 को सूचना दी। आकस्मिक चिकित्सा वाहन से रीना देवी को बेस चिकित्सालय में लाकर भर्ती किया गया। गुलदार के हमले में उनके हाथ, पांव और पीठ पर घाव आए हैं और उनका इलाज जारी है।

# पूरे क्षेत्र की तस्वीर तकदीर बदल देगी सतपुली झील : महाराज

**पौड़ी ( चिंगारी )।** कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने जन सुनवाई के तहत बहुउद्देशीय शिविर में 4 दिव्यांगों को विकलांग प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ-साथ शिकायत काउंटर पर 42 शिकायतें एवं 91 मांग पत्र प्राप्त किये। सतपुली क्षेत्र के विकास की चर्चा करते हुए बताया कि सतपुली नगर पंचायत क्षेत्र में नयार नदी पर निर्माणाधीन 56 करोड़ 34 लाख 97 की लागत से बहु प्रतिक्षित सतपुली झील का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। यह सिर्फ एक जलाशय नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली योजना है।



यह बात प्रदेश के लोक निर्माण, सिंचाई, पर्यटन, ग्रामीण निर्माण, धर्मस्व, संस्कृति मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक सतपाल महाराज ने शनिवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय कन्या विद्यालय परिसर, सतपुली में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने कहा कि झील निर्माण से सतपुली उत्तराखंड के नक्शे पर एक नए पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में उभरेगा। इससे भू-जल स्तर में सुधार होगा और आसपास के क्षेत्रों में सिंचाई व पेयजल की उपलब्धता बढ़ेगी। पर्यटन से जुड़ी आर्थिक गतिविधियां बढ़ने से क्षेत्र से होने वाले पलायन पर अंकुश लगेगा। नयार नदी के जल को नियंत्रित कर बरसात में बाढ़ जैसी आपदा से बचाव होगा। झील में बोटिंग, कयाकिंग, एंगलिंग जैसी गतिविधियां शुरू कर स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सिंचाई विभाग के द्वारा ही सतपुली में निरीक्षण भवन एंव डौरमेन्टरी निर्माण के लिये 02 करोड 47 लाख 88 हजार रूपये स्वीकृत किये गये। सतपुली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत शहरी विकास विभाग से नगर पंचायत कार्यालय हेतु 01 करोड 61 लाख 44 हजार रूपये की लागत से निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। बहु मंजिला शॉपिंग कॉम्पलेक्स सुलभ शौचालय व कार पार्किंग का कार्य पूर्ण हो गया है।

## प्रेम बल्लभ की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रिखणीखाल ब्लाक के कुमाल्डी क्षेत्र के प्रसिद्ध समाज सेवी दिवंगत प्रेम बल्लभ जखमोला की स्मृति में कुमाल्डी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 का आयोजन 1 जून से किया जाएगा। आयोजक विनोद जखमोला ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की छुपी हुई क्रिकेट प्रतिभाओं को बड़ा मंच देना है।

# पूर्व सैन्य अधिकारियों ने नितिन नबीन से की शिष्टाचार भेंट

## सैनिक कल्याण मंत्री ने भेंट किया स्मृति चिन्ह



**देहरादून ( चिंगारी )।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी के नेतृत्व में उत्तराखंड के रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को बीजापुर गेस्ट हाउस में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट कर उनका उत्तराखंड आगमन पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत भी उपस्थित रहे।

भेंट के दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को प्रथम विश्व युद्ध के महानायक एवं गढ़वाल राइफल्स के वीर योद्धा गब्बर सिंह नेगी की स्मृति से जुड़ा स्मृति चिन्ह भेंट कर उत्तराखंड की गौरवशाली सैन्य परंपरा से परिचित कराया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों एवं सैन्य अधिकारियों ने उत्तराखंड की समृद्ध सैन्य विरासत, पूर्व सैनिकों के कल्याण तथा राष्ट्र निर्माण में सैनिकों की भूमिका से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सैनिकों और पूर्व सैनिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता बनाए रखने में उनका योगदान अतुलनीय है तथा राष्ट्र उनके त्याग और समर्पण का सदैव ऋणी रहेगा।

बैठक में पूर्व सैनिकों के कल्याण, सैन्य परंपराओं के संरक्षण तथा युवा पीढ़ी को राष्ट्रसेवा के प्रति प्रेरित करने जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर मेजर जनरल प्रबोध सरन राणा, मेजर जनरल अभय कार्की, मेजर जनरल एस.एस. नेगी, ब्रिगेडियर के.जी. बहल, कर्नल आर.एस. भंडारी, कर्नल पवन वाही, कर्नल शर्मा, कर्नल आर.एस. क्षेत्री, कैप्टन दिनेश प्रधान, नायब सूबेदार विक्रम कंडारी, कैप्टन बिष्ट तथा पीटीआर शमशेर सिंह बिष्ट सहित अनेक पूर्व सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी, युद्धस्तर पर जारी



## डीएम व एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे को लेकर क्षेत्र में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। कल एक जून को आलमपुर गावड़ी में होने वाले कार्यक्रम से पहले शनिवार को जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कार्यक्रम स्थल का मुआयना करते हुए वहां की व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने मंच, लोगों के बैठने की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, पेयजल, बिजली, बैरिकेडिंग और सुरक्षा से जुड़े इंतजामात का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी तादाद में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है, इसलिए किसी भी व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अफसरों ने सुरक्षा व्यवस्था को खास अहमियत देते हुए पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम स्थल के आसपास यातायात को सुचारु बनाए रखने, भीड़ को नियंत्रित करने और वीआईपी सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। साथ ही विभागीय अधिकारियों से कहा गया कि सभी तैयारियां तय वक्त से पहले मुकम्मल कर ली जाएं।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भी खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम स्थल पर लगातार तैयारियों का सिलसिला जारी है और कार्यकर्ता व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अंशिका दीक्षित, उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा, एसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह, थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी समेत कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।

# लोगों को शरबत पिलाया



**किरतपुर ( चिंगारी )।** निकटवर्ती ग्राम भोजपुर के मेन बाजार में स्थित अंसार मेडिकल स्टोर पर भीषण गर्मी को देखते हुए शरबत पिलाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम फंड भोजपुर के मैनेजर साहब अथर उर्फ कल्लू भाई ने कहा मानव सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है।भीषण गर्मी में पानी या शरबत पिलाना सबाब का काम है। शरबत पिलाने वालों में शाद अंसारी, लियाकत सलीम मलिक, नाजिम मलिक, सोहेल अहमद आदि मुख्य थे।

# एआरटीओ गौरी शंकर का तबादला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन गौरी शंकर ठाकुर का स्थानांतरण एआरटीओ प्रशासन फिरोजाबाद के पद पर हो गया है। शासन ने अमरोहा में एआरटीओ प्रवर्तन के पद पर तैनात महेश कुमार शर्मा को बिजनौर एआरटीओ प्रशासन नियुक्त किया है। गौरी शंकर ठाकुर ने जनवरी 22 में बिजनौर एआरटीओ प्रवर्तन का कार्यभार संभाला था। नए एआरटीओ प्रशासन महेश कुमार शर्मा के जल्द ही बिजनौर में कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है।

# जेल अधीक्षक का भी तबादला

**बिजनौर कारागार की अधीक्षक श्रीमती अदिति श्रीवास्तव का तबादला बागपत के लिये हो गया है। उनके स्थान पर अब राजेश कुमार नये जेल अधीक्षक होंगे।**

# बिजनौर को मिले नये अग्निशमन अधिकारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय, लखनऊ द्वारा अग्निशमन द्वितीय अधिकारियों के स्थानांतरण किये गये हैं। बिजनौर व चांदपुर में तैनात एफएसएसओ के तबादले गैर जनपद को किये गये हैं। महानिदेशक सुजीत पाण्डेय के आदेश पर गठित स्थापना बोर्ड की संस्तुति के आधार पर जनपद में तैनात अधिकारियों का तबादला किया गया है। बिजनौर में तैनात एफएसएसओ शीशपाल सिंह का स्थानांतरण मुरादाबाद व चांदपुर में तैनात एफएसएसओ सुभाष चन्द्र को हाथरस भेजा गया है। वहीं गाजियाबाद में तैनात राजेन्द्र प्रसाद को बिजनौर में नई तैनाती दी गई है।

# आंधी आई फुल, कई जगह बिजली गुल

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिले में मौसम का मिजाज शनिवार को दिनभर बदलता रहा। सुबह से दोपहर तक तेज धूप निकलने के कारण लोगों को उमस और गर्मी का सामना करना पड़ा, लेकिन शाम होते-होते मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं पेड़ टूट कर गिरने से कई स्थानों पर आवागमन भी प्रभावित हुआ। वहीं आंधी से बिजली सप्लाई भी प्रभावित हुई।



शनिवार को दिन के समय आसमान में धूप खिली रही और तापमान बढ़ने से उमस महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम करीब साढ़े तीन बजे अचानक तेज हवाएं चलने लगीं और देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गए। इसके बाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मध्यम बारिश हुई। आंधी के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं टूटकर सड़कों पर गिर गईं, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और तापमान में गिरावट महसूस की गई। गर्मी और उमस से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम विभाग नगीना के प्रेक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक मौसम में इसी प्रकार उतार-चढ़ाव बना रह सकता है तथा कहीं-कहीं तेज हवाओं और बारिश की संभावना भी बनी हुई है।

### आंधी से विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त, ट्रांसफार्मर भी गिरे

देर शाम आई तेज आंधी से जहां सड़कों किनारे पेड़ टूट कर गिर गए। वहीं आंधी से विद्युत लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। तेज हवाओं से कई इलाकों में ट्रांसफार्मर भी गिर गए। जिससे कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था ठप्प हो गई। सूचना पर पहुंचे विद्युत कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त लाइन को ठीक कर विद्युत सप्लाई शुरू कराई।

### फसलों को लाभ

किसानों के मुताबिक यह बारिश फसलों के लिए लाभदायक मानी जा रही है, हालांकि तेज हवा के कारण कुछ स्थानों पर खड़ी फसलों को हल्का नुकसान पहुंचने की आशंका भी जताई जा रही है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों और कमजोर संरचनाओं से दूर रहने की सलाह दी है।

# हल्दौर में 7 जून को आई कैम्प

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर के समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा प्रत्येक माह की भांति जून माह में भी निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आगामी 7 जून दिन रविवार को वर्मा मैरिज हॉल हल्दौर पर प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें चिकित्सक मरीजो की आंखो का चैकअप कर उसी दिन मोतियाबिन्द के मरीजों को ऑपरेशन के लिये अपने साथ ले जायेंगे। मरीज असुविधा से बचने के लिये अपना रजिस्ट्रेशन 7 जून से पूर्व प्रात:10 बजे से सांय 4 बजे तक वर्मा मैरिज हॉल पर आकर किसी भी दिन करा सकते हैं।

# सेंट मैरी स्कूल में 10 दिवसीय समर कैम्प का समापन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सेंट मैरी स्कूल, बिजनौर में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का शनिवार को समापन हो गया। 10 दिवसीय समर कैंप में लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न खेल, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपने कौशल का प्रदर्शन किया। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों को क्रिकेट, बैडमिंटन, योग, नृत्य, स्केटिंग तथा कराटे/मार्शल आर्ट का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दुष्यंत शर्मा ने क्रिकेट, रवि दत्त ने बैडमिंटन, करिश्मा ने योग तथा सोनम ने नृत्य गतिविधियों का संचालन किया। वहीं विशेष प्रशिक्षकों के रूप में श्रेया ने स्केटिंग और आशुतोष ने कराटे एवं मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के मनोरंजन एवं शारीरिक विकास के लिए टग ऑफ वॉर (रस्साकशी), रेन डांस और जुम्बा जैसी आकर्षक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन समारोह में विद्यालय के प्रबंधक फादर शाजू, उप-प्रधानाचार्या सिस्टर जैनी तथा के.जी. इंचार्ज सिस्टर जिल्सी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए समर कैंप के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें निरंतर नई गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रवक्ता आदित्य खन्ना ने बताया समारोह के दौरान सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये।



# जर्जर स्थिति में है नाला ग्रामीणों को परेशानी में डाला


नाला बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुये ग्रामीण।

**खासपुरा ( चिंगारी )।** नूरपुर –बिजनौर रोड पर स्थित गांव सुजातपुर टिक्कर में एक जर्जर नाला ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या का कारण बन गया है। नाले की खराब स्थिति के कारण पानी की उचित निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे गंदा पानी सड़कों पर भर जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारी से गुहार लगाई है। वकील अहमद का आरोप है कि, ग्राम प्रधान श्याम सुंदर सिंह को बार–बार इस विषय से अवगत कराया गया मगर स्थायी समाधान न होने की वजह से मोहल्ले वासियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित अधिकारियों से भी कई बार अवगत कराया गया लेकिन पिछले एक साल से इस समस्या का समाधान नहीं निकल पाया। ग्रामीण नजीर खां, महेंद्र सैनी, नरेंद्र सैनी, गफ्फार खां, संजीव सैनी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नाले की सफाई और मरम्मत न होने से पूरे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। सड़क पर पानी जमा होने से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को विशेष रूप से परेशानी हो रही है।

### इनका कहना है...

**उधर, इस विषय पर नूरपुर ब्लाक के बीडीओ दिनेश कुमार पाल से जानकारी लेनी चाही, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हो पाया। ग्राम पंचायत सचिव संजीव कुमार ने कहा कि हर माह टैंकर द्वारा पानी निकलवा दिया जाता है,लेकिन इसका स्थाई समाधान नाला निर्माण है, जिसका जल्द से जल्द निर्माण कराया जाएगा।**

### ग्राम प्रधान का कहना है...

**समय–समय पर इस नाले की सफाई की गई है, लेकिन पिछले छः,सात वर्ष पूर्व बनने से पहले नूरपुर– बिजनौर हाईवे पर इस नाले के आसपास तीन पुलिया थी, जो हाइवे निर्माण होने पर P.W.D. ने बंद कर दी है, जिससे यह समस्या उत्पन्न हो रही है। नाले के निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप निराधार है वर्ष 2021 में 44, 800 की लागत से निर्माण कार्य होना था, वह ग्रामीणों के ही विरोध के कारण केवल 20 मी. ही हो पाया था जिसका भुगतान केवल 6732 ही रुपए हुआ था। जल्द ही मनरेगा मे लगे हुए मजदूरों से नाले की सफाई कराकर, जल भरावा की समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।**

# नरेन्द्र सिंह चौहान के सवोनिवृत होने पर चीनी मिल में दी गई उन्हें भावभीनी विदाई



**चीनी मिल नजीबाबाद ( चिंगारी )।** चीनी मिल नजीबाबाद में गन्ना विभाग के बड़े बाबू नरेन्द्र सिंह चौहान के सेवानिवृत होने पर गन्ना कार्यलय में मिल के अधिकारी व कर्मचारियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया, जिसमें मिल के मुख्य लेखाकार नीरज पाण्डेय ने कहा कि नरेन्द्र सिंह चौहान एक मिलनसार मृदुभाषी, कर्मठ व्यक्ति हैं। इनकी सेवानिवृति पर रिक्त स्थान को भरने के लिये इन्हे पुनः कार्य पर लिया जाना मिल हित में अतिआवश्यक। प्रभारी मुख्य गन्ना अधिकारी हेमेन्द्र सिंह ने कहा नरेन्द्र सिंह चौहान विभाग के बड़े बाबू के साथ मेरे एक अच्छे मित्र भी हैं। गन्ना विभाग के कार्यो में उनका सहयोग यादगार रहेगा। रामेन्द्र सिंह (सीडीआई) ने कहा स्टाफ कम होने के कारण सेवानिवृति के बाद इन्हे कार्य पर लिये जाना जरूरी है। मिल के वाईस चेयरमैन कुंवर धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला सहकारी बैक मंडावली बैक मैनेजर रतेन्द्र सचान, मिल के मुख्य रसायन विद् अतुल कुमार सिंह, राधे श्याम गुप्ता प्रयोगशाला प्रभारी महीपाल सिंह, कैशियर केशव देव, चीनी गोदाम इंचार्ज देवराज सिंह , शीरा लिपिक सुरेश कुमार, अजीत चौहान, लोकेन्द्र सिंह एडवोकेट, सुभाष गहलौत, सुशील कुमार, हरेन्द्र राजपूत, सुदेश चौहान, सत्यवीर सिंह, मनोज कुमार, परमजीत सिंह , रामदत्त यादव, राधेश्याम यादव, सुशील कुमार सिंह, राम निवास, जितेंद्र चौहान, सतीश कुमार सिंह, हरपाल सिंह, संजय चौहान, नरेन्द्र सिंह चौहान आदि विदाई समारोह में शामिल थे।

# तेज आंधी-तूफान से बदला मौसम का मिजाज



**पैजानिया ( चिंगारी )।** दोपहर बाद छाए आसमान में बाद में शनिवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली। आसमान में काली घटाएं छा गईं और तेज आंधी–तूफान के साथ तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे भीषण गर्मी से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ली। दोपहर बाद आसमान में काले बादल छाने लगे थे। मौसम के इस बदले मिजाज को देखते हुए कुछ निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि अगले 24 घंटे में मौसम क्या करवट लेगा।

# पाक कनेक्शन और करोड़ों के ट्रांजक्शन के आरोप में युवती गिरफ्तार

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** जनपद के पिरान कलियर थाना क्षेत्र के आसपाबाद में जम्मू–कश्मीर पुलिस के आने पर क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। मालूम हो कि जम्मू–कश्मीर के कठवा जिले के लकनपुर थाना क्षेत्र में दर्ज यूपी ए और आफिशियल सिक्रेट एक्ट से जुड़े एक मामले की जांच के दौरान हरिद्वार की एक युवती का नाम सामने आया था। जिसके बाद जम्मू–कश्मीर पुलिस की टीम हरिद्वार पहुंची और स्थानीय पुलिस की मदद से युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ की। एसएसपी हरिद्वार नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि जम्मू कश्मीर पुलिस ने कुछ दिन पहले कलियर थाना पुलिस से सम्पर्क किया था। उन्होंने बताया कि कठुआ जिले के लकनपुर थाने में दर्ज एक मामले की जांच चल रही है। जो यूएपीए और आफिशियल सिक्रेट एक्ट के तहत है। जांच के दौरान सोनम नाम की युवती का नाम सामने आया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान युवती ने जम्मू–कश्मीर पुलिस से खुलासा किया कि वह अपनी सहेली के जरिये कुमार राम नाम के व्यक्ति के सम्पर्क में आई थी। बाद में उसके कजिन हसीब के माध्यम से उसे कई सिम कार्ड, एटीएम कार्ड और बैंक खाते उपलब्धि कराये गये।

# व्यापारी एवं केमिस्ट समाज की एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत : देवेश कुमार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश महामंत्री एवं डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एसोसिएशन के चेयरमैन देवेश कुमार ने जिले एवं प्रदेश के सभी व्यापारी एवं केमिस्ट बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठित समाज ही अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम होता है। उन्होंने कहा कि व्यापारी और केमिस्ट समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। व्यापारियों और दवा विक्रेताओं की मेहनत से लाखों परिवारों का जीवन सुचारु रूप से चल रहा है। वर्तमान समय में सभी व्यापारी एवं केमिस्ट बंधुओं को आपसी भाईचारे, सहयोग और एकता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। देवेश कुमार ने कहा कि व्यापारी एकता परिषद और डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एसोसिएशन सदैव व्यापारियों एवं केमिस्ट बंधुओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। संगठन का उद्देश्य प्रत्येक व्यापारी और केमिस्ट की आवाज को मजबूती प्रदान करना तथा उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने सभी व्यापारी एवं केमिस्ट बंधुओं से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने, व्यापार में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने तथा संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।



# भगवंत स्कूल में समर कैम्प का समापन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भगवंत पब्लिक स्कूल में चल रहे सात दिवसीय समर कैंप का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। कैंप में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने कौशल का विकास किया।

### बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोह लिया मन

कैंप के दौरान नृत्य, संगीत, कला एवं शिल्प, खेलकूद, योग तथा व्यक्तित्व विकास से संबंधित अनेक रोचक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में स्विमिंग ताल में आयोजित तैराकी सत्र विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहां विद्यार्थियों ने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में स्विमिंग की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास किया। बच्चों ने पानी में और खेल–खेल में मस्ती करते हुए अपने आत्मविश्वास को भी बढ़ाया। इस गतिविधि ने कैंप को और भी रोमांचक एवं यादगार बना दिया। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के समर कैंप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भगवंत ग्रुप के अध्यक्ष डा. अनिल सिंह, वाइस चेयरपर्सन डॉक्टर आशा सिंह एवं मैनेजर डा. पुष्पनील वर्मा ने समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को आशीर्वाद दिया। इन प्रतियोगिताओं में सौम्या ने नृत्य में, वंशिका और आराधना ने गर्ल्स स्विमिंग में, मनु ने बॉयज स्विमिंग में,विराट ने कैरम में, आराधना ने चित्रकला में, आमीन जिया अख्तर ने समर कैंप की श्रेष्ठ सक्रिय प्रतिभागी होने में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



# कड़ी सुरक्षा के बीच हुई बी.एड. परीक्षा



**बिजनौर (चिंगारी)। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी द्वारा आयोजित यूजी संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड- 2026 शनिवार को जनपद के नौ परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।**

जिला प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार परीक्षा में जनपद के कुल 4290 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए नौ केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, केपीएसएम कन्या इंटर कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज मंडावली, आरबीडी महिला महाविद्यालय, राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज तथा वर्धमान डिग्री कॉलेज के दो ब्लॉक शामिल हैं। परीक्षा को सकुशल एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए चार सैक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं, जिनकी परीक्षा केंद्रों पर गोपनीय सामग्री एवं प्रश्नपत्रों के वितरण की निगरानी रही। इसके अलावा नौ स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं, जो परीक्षा केंद्रों पर रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। नोडल समन्वयक द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर दो-दो पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। कुल 18 पर्यवेक्षक परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तैनात रहे। जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करते हुए निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराई।

# भारत में तम्बाकू सेवन से हर साल साढ़े तेरह लाख लोगों की मौत

**बिजनौर (चिंगारी)।** विश्व में सालाना 80 लाख लोग तम्बाकू के धुएं के कारण मर जाते हैं, जिनमें से 12 लाख सेकेंड हैंड धुएं के कारण मरते हैं। दुर्भाग्य से 80 प्रतिशत तम्बाकू उपयोगकर्ता निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। भारत में तम्बाकू सेवन से हर वर्ष साढ़े तेरह लाख लोगों की मौत होती है। बिजनौर की वरिष्ठ फिजिशियन एवं छाती रोग विशेषज्ञ डा. तजीन आरिफ ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि भारत में 28.6 प्रतिशत आबादी तम्बाकू उत्पादों का सेवन करती है, जो भयावह है। यह सर्वविदित है कि तम्बाकू का उपयोग आमतौर पर किशोर अवस्था में शुरू होता है, जब व्यक्ति को जीवन की गुणवत्ता और दीर्घायु पर हानिकारक प्रभाव के बारे में कोई जानकारी नहीं होती है। डा. तजीन आरिफ का कहना है कि तम्बाकू छोड़ना मुश्किल जरूर है, लेकिन नामुमकिन नहीं। कठिनाई का मुख्य कारण निकोटीन की लत है। इसके लिये विल पॉवर तथा डाक्टरों द्वारा विभिन्न दवाओं के साथ सहायता होती है। अध्ययन से यह सिद्ध हुआ है कि धूम्रपान छोड़ने से मृत्युदर में 2.8 से 1.15 प्रतिशत जोखिम कम हो जाता है।




# धर्मनंदा ब्लड बैंक का शुभारंभ रक्तदान कर किया

**स्योहारा (चिंगारी)।** रेलवे स्टेशन रोड वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम के पास धर्मनंदा ब्लड बैंक का शुभारंभ रक्तदाताओं ने संयुक्त रूप से रक्तदान कर किया। ब्लड बैंक के संस्थापक डाक्टर मनोज वर्मा ने कहा कि स्योहारा क्षेत्र के लोगों को ब्लड की समस्या होती थी जिसके चलते कई बार मरीजों का जीवन खतरे मे पड़ जाता था। इस ब्लड बैंक की स्थापना कर क्षेत्र को समर्पित कर दिया। ब्लड बैंक डायरेक्टर शाश्वत वर्मा, प्रभारी ब्लड बैंक राकेश डोगरा,अमित राणा, टैकनिकल सुपर वाईजर साजिद खान तथा टैकनिशियन अंकित राणा विशाल कुमार, विशाल राणा ने रक्त को एकत्रित करने का कार्य किया। इस दौरान पत्रकारों, किसान यूनियन, समाजसेवियों, रोटेरियन ने रक्तदान कर ब्लड बैंक को शुरू किया। इस दौरान सीएचसी प्रभारी बृजेश स्नेही, शुगर मिल अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह, किसान यूनियन तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत सहित अनेकों चिकित्सक मौजूद रहे। इस मौके पर रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व उपहार भी वितरित किए गये।



# गन्ना नियंत्रण आदेश को वापस लेना सकारात्मक कदम - चंचल चिकारा

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल प्रोफेशनल मंच के राष्ट्रीय सचिव सी ए चंचल चिकारा ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश 2026 के मसौदे को वापस लिए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे देश के करोड़ों गन्ना किसानो गुड़ खांडसारी उद्योग तथा कृषि आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसानो उद्योग जगत तथा विभिन्न हित धारकों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओ को गंभीरता से सुनने और उन पर सकारात्मक सटीक कार्यवाही कराए जाने का परिणाम है। सी ए चंचल चिकारा ने केंद्रीय मंत्री एवं रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि किसान हितों की रक्षा के लिए उनकी सतत प्रतिबद्धता और संवेदनशील नेतृत्व ने इस विषय को उचित मंचों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि जयंत चौधरी सदैव किसानों की आवाज को मजबूती से उठाते रहे हैं। गन्ना किसानों की आशंकाओं को समझते हुए उन्होंने संवाद और सहमति आधारित नीति निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। मसौदा आदेश को वापस लेने का निर्णय लोकतांत्रिक सोच और किसान हित सोच का ही परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नीतियों का निर्माण किया जाएगा।


चंचल चिकारा

# मॉडर्न ऐरा स्कूल में समर कैम्प क रंगारंग समापन




**नहटौर (चिंगारी)।** मॉडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल नहटौर में समर कैंप का समापन हुआ। प्रधानाचार्य डॉ सचिन चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में फिटनेस और व्यावहारिक कौशल का विकास करना होता है। शनिवार एमई पब्लिक स्कूल में समर कैंप का समापन के कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉक्टर सचिन चौधरी ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर नृत्य के अलावा आर्ट व क्राफ्ट मेहंदी और म्यूजिक में भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। प्रधानाचार्य सचिन चौधरी ने कहा कि समर कैंप बच्चों की ऊर्जा और सही दिशा देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांग विकास, आत्मविश्वास, जीवन कौशल व सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाना देते हैं। इस अवसर पर शिक्षक व शिक्षिकाएं व अभिभावक भी मौजूद रहे।

# पानी की टंकी के फ्रेम चुराकर ले जाते हुये रंगे हाथों पकड़ा

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)। ग्राम ननूपुरा में ग्रामीणों की सतर्कता ने एक बड़ी चोरी की वारदात को नाकाम कर दिया है। गांव में निर्माणाधीन जल निगम की टंकी से लोहे के कीमती फ्रेम चोरी कर ले जा रहे दो चोरो को ई रिक्शा मे लादे फ्रेम सहित ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है।**

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम ननूपुरा में लाखों रुपये की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। शनिवार को दो व्यक्ति निर्माण स्थल पर पहुंचे और टंकी के पिलरों में लगने वाले लोहे के भारी फ्रेम ई-रिक्शा में लादकर ले जाने लगे। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों की नजर उन पर पड़ गई। ग्रामीणों ने जब उनसे पूछताछ करनी चाही तो दोनों मौके से भागने का प्रयास करने लगे। इस पर ग्रामीणों ने उनका पीछा कर उन्हें चोरी किए गए लोहे के फ्रेम से लदे ई रिक्शा सहित पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जितेंद्र उर्फ काले पुत्र बिरमजीत तथा गौतम पुत्र फूलसिंह निवासी ग्राम बाजिदपुर, थाना हल्दौर के रूप में हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माणाधीन सरकारी परियोजनाओं पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण चोरी की आशंका बनी रहती है। हलका प्रभारी दरोगा रजत चौधरी का कहना है कि टंकी बनाने का ठेका लेने वाले ठेकेदार सचिन कुमार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# डॉ. लोकेंद्र त्यागी, शहबाज अनवर और निधि शर्मा को सम्मानित किया गया





बिजनौर ( चिंगारी )। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा आयोजित समारोह में नूरपुर के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. लोकेंद्र त्यागी को यूनियन के वरिष्ठ सदस्य होने एवं हिंदी पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के लिये सम्मानित किया गया। इनके अलावा बीबीसी हिंदी के लिये पश्चिमी उत्तर प्रदेश से ग्राउंड रिपोर्टिंग करने वाले शेरकोट के युवा पत्रकार शहबाज अनवर को भी विशिष्ट सेवा सम्मान से अलंकृति किया गया। जबकि युवा प्रतिभा सम्मान के रूप में सिटी न्यूज की पत्रकार एवं एंकर निधि शर्मा को सम्मानित किया गया।



हिंदी पत्रकारिता दिवस कार्यक्रम में यूनियन के जिलाध्यक्ष मरगूब रहमानी का स्वागत करते हुए पत्रकार विक्रमजीत सिंह।

## सीओ ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को दी साइबर अपराध से बचने की जानकारी



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी मंडावली के पंचायतघर पर व भागूवाला में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से रु-ब-रु हुए। उन्होंने बताया कि शासन के आदेशानुसार जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करने का प्रयास किया जा रहा है। जन चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण समय से करना है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं, साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गांव में पुलिस जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका समाधान कराने का प्रयास करेंगी। उन्होंने जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को साइबर अपराध, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, अनजान नम्बरों से आने वाली वीडियो कॉल रिसीव नहीं करने, महिला हेल्पलाइन लाइन नम्बरो के संबद्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए पुलिस को आवयश्क दिशा निर्देश दिए। जन चौपाल में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, एसएसआई योगेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शमीम अहमद, जाकिर हुसैन, डॉक्टर ओमप्रकाश वैद्य, वाजिद मकरानी, मोहम्मद अब्बास, जय सिंह, कय्यूम अली, नवीन कर्णवाल, राधा कर्णवाल, लक्ष्मी कर्णवाल, राजबाला, बेबी, सुमन, श्याम सिंह, जंगबहादुर चौहान, अल्तमस अंसारी आदि मौजूद रहे।




# अनियंत्रित कार खाई में गिरने से तीन की मौत, तीन घायल

## चमोली में लोहाजंग सड़क पर ल्वाणी के पास हुआ हादसा



**देहरादून (चिंगारी)।** शनिवार सुबह करीब चार बजे लोहाजंग सड़क पर ल्वाणी के पास एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इसमें बांक गांव के एक परिवार के तीन लोगों की अकाल मौत हो गई, जबकि एक छह वर्षीय बच्चा समेत तीन अन्य घायल हो गए। सभी लोग गांव में अपने परिजन की मौत पर अंत्येष्टि में शामिल होने देहरादून से गांव आ रहे थे।

विकास खंड के बांक गांव के बुजुर्ग भजन सिंह की बीमारी का उपचार देहरादून में चल रहा था। गांव के खुशाल सिंह ने बताया कि शुक्रवार को शाम को भजन सिंह का निधन हो गया। उनके परिवारजन भजन का शव एंबुलेंस में और खुद दो कारों में सवार होकर बांक गांव के लिए आ रहे थे। शव लेकर आ रही एंबुलेंस देर रात एक बजे गांव पहुंची, लेकिन ऋषिकेश में लगे जाम के कारण साथ में चल रहे बलबीर सिंह शनिवार को छह लोगों के साथ करीब चार बजे सुबह ल्वाणी के पास पहुंचे, यहां उनकी कार अनियंत्रित होकर करीब चार सौ मीटर खाई में गिरी। उक्त वाहन में देहरादून में इलाज के दौरान मृत व्यक्ति का शव लेकर स्वजन गांव जा रहे थे। पुलिस, डीडीआरएफ एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य किया गया। वाहन में सवार तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। तीन अन्य बुरी तरह घायल हैं। वाहन देहरादून से बांक गांव आ रहा था। घटना शनिवार सुबह 4 बजे की बताई जा रही है। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवाल ले जाया गया है। एयर एम्बुलेंस से तीनों घायलों को देहरादून लाया गया है।

दुर्घटना में बांक गांव के एक ही परिवार के बलवीर सिंह पुत्र नारायण सिंह (50), शांति देवी पत्नी बलवीर सिंह (38), आशीष पुत्र बलवीर सिंह (19) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं इसी गांव के कविता देवी पत्नी खुशाल सिंह (28), रोशनी पुत्री लक्ष्मण सिंह (19), मयंक पुत्र खुशाल सिंह (6) गंभीर रूप से घायल हो गए।

## प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ़ अभियान चलाया

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशों के अनुपालन में राजकीय भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध स्थानीय प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में खोह नदी तट क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमण पर राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं नगर निगम के संयुक्त दल ने बड़ी कार्रवाई

### खो नदी के किनारे अवैध निर्माण ध्वस्त कराया



कोटद्वार में शनिवार को खोह नदी के तट पर किए गए अतिक्रमण को हटाती जेसीबी।

करते हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। बताते चलें कि राजस्व उपनिरीक्षक, पट्टी सनेह द्वारा ग्राम बिशनपुर स्थित खोह नदी किनारे किए गए अतिक्रमण की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित व्यक्तियों को नियमानुसार अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद निर्धारित समयावधि के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर शनिवार को प्रशासन ने संयुक्त अभियान चलाते हुए जेसीबी मशीन की सहायता से तीन अवैध फाउंडेशन तथा एक निर्माणाधीन अवैध भवन को ध्वस्त कर दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि राजकीय भूमि, सार्वजनिक परिसंपत्तियों, नदी तटों एवं आमजन के आवागमन के मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा। बताया कि सार्वजनिक हितों की रक्षा और सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए जनपद में अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## केदारनाथ पैदल मार्ग पर श्रद्धालुओं की कठिन परीक्षा



### कई स्थानों पर लंबा जाम, सुरक्षा व्यवस्थाओं पर उठ रहे सवाल

**रुद्रप्रयाग (चिंगारी)। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा अपने चरम पर है, लेकिन बढ़ती श्रद्धालु संख्या के बीच 19 किलोमीटर लंबे पैदल मार्ग पर व्यवस्थाएं दबाव में नजर आने लगी हैं। यात्रा मार्ग के कई हिस्सों में लग रहे लंबे जाम और अव्यवस्थाओं के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिससे यात्रा प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। वहीं तुंगनाथ धाम में यात्रियों के बीच मारपीट के वीडियो सामने आने से भी व्यवस्थाओं पर चर्चा तेज हो गई है।**

जानकारी के अनुसार भीमबली, लिनचोली, जंगलचट्टी सहित कई संवेदनशील स्थानों पर मार्ग अत्यंत संकरा होने के कारण यात्रियों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। एक ओर हजारों श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन के लिए पैदल यात्रा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर घोड़ा-खच्चर, पालकी एवं स्थानीय सेवा प्रदाताओं की आवाजाही से कई स्थानों पर भीड़ का दबाव बढ़ रहा है। परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं को घंटों तक जाम में फंसकर आगे बढ़ने का इंतजार करना पड़ रहा है।

वायरल वीडियो में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक-दूसरे के पीछे लंबी कतारों में खड़े दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से भीमबली और लिनचोली क्षेत्र में स्थिति अधिक चुनौतीपूर्ण बताई जा रही है, जहां मार्ग की सीमित चौड़ाई के कारण आवाजाही बार-बार बाधित हो रही है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों के साथ यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को उठानी पड़ रही है। यात्रियों का कहना है कि मार्ग के कई हिस्सों में सुरक्षा व्यवस्थाएं अपेक्षित स्तर की नहीं हैं। पहाड़ी कटाव वाले क्षेत्रों और गहरी खाइयों के समीप पर्याप्त बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा प्रबंधों का अभाव दिखाई देता है। लगातार बढ़ रही भीड़ के बीच संकरे रास्तों पर किसी भी प्रकार की आपात स्थिति गंभीर रूप ले सकती है।

श्रद्धालुओं द्वारा यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि भीड़ नियंत्रण और यात्री प्रबंधन के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती नहीं दिखाई दे रही है। कई यात्रियों ने लंबे इंतजार, थकान, ऑक्सीजन की कमी तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की शिकायतें भी सामने रखी हैं।

## विद्या मंदिर ढालवाला में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** ढालवाला स्थित पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शैक्षिक सत्र 2025 -26 के परिषदीय परीक्षा हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में सर्वोत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वी.पी. सिंह जिला शिक्षा अधिकारी टिहरी गढ़वाल, कार्यक्रम अध्यक्ष परमानंद महाराज मधुबन आश्रम पीठाधीश्वर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बडोनी, प्रबंधक हर्षमणि व्यास, सह प्रबंधक गजेंद्र उनियाल, प्रबंध समिति अध्यक्ष चंद्रवीर पोखरियाल, समिति सदस्य विशालमणि पैन्यूली द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन करके किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि का अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि वी.पी. सिंह ने मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि मेधावी छात्र विषम परिस्थितियों में सामंजस्य स्थापित करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। छात्र सोशल मीडिया से दूर रहे, सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। कार्यक्रम अध्यक्ष परमानंद दास महाराज ने छात्रों को संदेश दिया कि जीवन का लक्ष्य श्रेष्ठ होना चाहिए छात्र निरंतर मेहनत करते रहें। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बडोनी ने संदेश दिया कि यह सम्मान छात्रों को उनकी शैक्षिक उत्कृष्ट उपलब्धियां के लिए प्रोत्साहित करता है तथा उनका उत्साह वर्धन कर उन्हें भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। विद्यालय के प्रबंधक हर्षमणि व्यास ने कहा कि छात्रों को सम्मानित करने का उद्देश्य शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना और भावी पीढ़ी का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करना है। प्रबंध समिति के अध्यक्ष चंद्रवीर पोखरियाल ने संदेश दिया कि छात्र स्वयं की पहचान बनाएं। छात्र जीवन में अपनी क्षमताओं को पहचाने। कार्यक्रम में छात्रों के माता-पिता की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में अंजना दास महाराज, राजेंद्र पांडे, रजनी रावत, राजेंद्र सिंह पटवाल, कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों में दिनेश चंद्र सकलानी, नवनीश शर्मा, प्रभाकर भट्ट, सुनील कुमार राजपूत, आशीष चौहान, बिशन सिंह नेगी, दिविशंकर नैथानी, कीर्ति दत्त नौटियाल, नरेश सिंह पुंडीर, विपिन डोभाल, जयेंद्र प्रसाद चमोली, विवेक डोभाल, कुलदीप सजवान, आशीष ढौंडियाल, ममता काला, रमेश गुनसोला आदि उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत

नगीना ( चिंगारी )। साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने से ग्राम हसन अलीपुर भोगन निवासी 40 वर्षीय महिला पिंकी की मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार शनिवार की दोपहर करीब ग्राम हसन अलीपुर भोगांव निवासी 40 वर्षीय पिंकी पत्नी टिंकू रेलवे की डाउन लाइन की तरफ ग्राम पुरैनी के करीब लकड़ी चुग रही थी। इसी दौरान साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

# नीलगाय से टकराकर कार क्षतिग्रस्त

नगीना ( चिंगारी )। राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन पर अचानक नील गाय के सड़क पर आने से एक कार दुर्घटना का शिकार हो गई। इस घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई व कार चालक संयंत्र को भी काफी चोट आई है। शनिवार की दोपहर करीब 1:30 बजे मध्य प्रदेश निवासी 35 वर्षीय संयंत्र कार द्वारा मुरादाबाद की तरफ जा रहे थे। जब उनकी कार राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन पर नगीना मोड़ के करीब एक भट्टे के पास पहुंची तो अचानक सड़क पर आए एक ( माहे ) नील गाय से टकरा गई। इस घटना में नीलगाय की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने जेसीबी मशीन द्वारा गड्ढा खुदवा कर उसमें माहे के शव को दफनाया।

## बिजनौर के नये कोतवाल होंगे अमर सिंह राठौर

बिजनौर। एसपी अभिषेक झा ने कई थाना इंचार्जो सहित 6 पुलिस अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया है। एसपी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षक लखपत सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना शिवाला कलां से प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटी नियुक्त किया गया है। थाना एएचटी के प्रभारी निरीक्षक ऋषिपाल को पुलिस लाइन भेजा गया है। उपनिरीक्षक अमर सिंह राठौर को थाना प्रभारी नांगल से थाना प्रभारी कोतवाली शहर बिजनौर तथा उपनिरीक्षक रामप्रताप सिंह को थाना प्रभारी कोतवाली शहर से थाना प्रभारी नांगल स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा उपनिरीक्षक त्रिवेंद्र सिंह को प्रभारी सोशल मीडिया सेल/पीआरओ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से थाना अध्यक्ष शिवाला कला की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपनिरीक्षक संजय कुमार को थाना मंडावर में ही थाना प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है।


मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना


डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

खुल गया! मात्र 150/-* रुपये में स्कूटी प्राप्त करें खुल गया!

BHOOMI DRIVE ELECTRIC
देशहित में तेल बचायें EV अपनायें
CT CHOUDHARY TRADERS
"SMOOTH POWER, ZERO POLLUTION"
'लीथियम बैटरी 2+1 साल की गारंटी के साथ'
* नियम शर्तें लागू
कम कागजी कार्यवाही के साथ तुरंत फाइनेंस सुविधा
पूरे जनपद बिजनौर में डीलरशिप के इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें
Shakti Chowk (Bijnor)
CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231


महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234


Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor


खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans Orient Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476
